दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 114
कोटद्वार रविवार
20 अगस्त 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## लद्दाख में भीषण हादसा, खाई में गिरा भारतीय सेना का वाहन, 9 जवानों की मौत

**लेह/लद्दाख, एजेंसी।** शनिवार को लद्दाख के लेह जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां क्यारी टाउन से कुछ ही दूरी पहले भारतीय सेना का वाहन खाई में जा गिरा। इस हादसे में 9 जवानों की मौत हो गई। जबकि कई जवानों के घायल होने की आशंका है।

सेना के अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार शाम दक्षिणी लद्दाख में हुई। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर बचाव अभियान चल रहा है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

## हिमाचल में अगले दो दिन होगी भारी बारिश, 6 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में अगले दो दिन भारी बारिश होने के आसार हैं। इसको लेक भारतीय मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में दक्षिण पश्चिम मानसून के कारण अगले 24 घंटों में अपेक्षित लगातार बारिश के कारण कुछ पूरी तरह से संतृप्त जलक्षेत्रों और निचले इलाकों में सतही अपवाह या बाढ़ आ सकती है। यह अलर्ट शनिवार को दोपहर 1200 बजे जारी किया गया।


मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश के शिमला, सिरमौर और चंबा जिलों और आसपास के क्षेत्रों में मध्यम से उच्च बाढ़ के खतरे को देखते हुए इन जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। विभाग के अनुसार अगले दो दिनों के लिए मौसम पूर्वानुमान में कांगड़ा, मंडी, शिमला, सिरमौर, बिलासपुर और सोलन समेत छह जिलों को ऑरेंज अलर्ट पर रखा गया है, जबकि किन्नौर को छोड़कर बाकी जिले येलो अलर्ट पर हैं। ऑरेंज अलर्ट वाले जिलो में भारी बारिश एवं येलो अलर्ट में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है।

## विपदा में सहारा बन रहे कई राज्य, राजस्थान सरकार ने आपदा राहत कोष में दान किए 15 करोड़

**शिमला, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि राजस्थान सरकार ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन से आई आपदा से निपटने के लिए प्रदेश सरकार को 15 करोड़ रुपए की सहायता राशि आपदा राहत कोष के लिए प्रदान की है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सहायता राशि प्रदान करने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया।

# उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने दो भर्ती परीक्षाएं की स्थगित

### एक मौसम के कारण रोकी, दूसरी पर याचिका दायर



**देहरादून।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने दो बड़ी भर्ती परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। इनमें से एक भर्ती तो मौसम की वजह से रोकी गई है जबकि दूसरी भर्ती हाईकोर्ट में दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित होने के चलते रोकी गई है।

राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, पिछले दिनों ज्यादा गर्मी और आर्द्रता के कारण अभ्यर्थियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आई थीं। लिहाजा, 23 अगस्त से 26 अगस्त के बीच राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी रायपुर देहरादून में होने वाली फॉरेस्ट गार्ड शारीरिक दक्षता परीक्षा स्थगित कर दी गई है।

अब इस परीक्षा से पहले लिखित परीक्षा में पास हुए सभी अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन सितंबर के दूसरे सप्ताह में किया जाएगा। इसकी सूचना अलग से जारी होगी। इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा अक्तूबर में कराई जाएगी, जिसका विस्तृत कार्यक्रम भी अलग से जारी किया जाएगा।

उत्तराखंड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश परीक्षा के तहत आयोग की मुख्य परीक्षा 23 अगस्त से होनी थी। इस बीच हाईकोर्ट में दायर याचिका पर न्यायालय ने निर्णय आरक्षित रखा है। हाईकोर्ट के आदेश आने तक यह परीक्षा स्थगित की गई है। हाईकोर्ट का आदेश आने के बाद उसी क्रम में मुख्य परीक्षा की नई तिथियां जारी की जाएंगी।

राज्य लोक सेवा आयोग की सहायक लेखाकार भर्ती के तहत हिंदी टाइपिंग की परीक्षा 28 अगस्त से 11 सितंबर के बीच ज्ञानोदय लैब, उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार में कराई जाएगी।

आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत के मुताबिक, अभिलेख सत्यापन 27 जून से 10 जुलाई तक किया गया है। इसमें शामिल अभ्यर्थियों को विभागवार पद की ऑनलाइन वरीयता भरने के लिए 18 अगस्त से 11 सितंबर तक मौका दिया गया है। सभी विभागों के लिए उन्हें अपनी वरीयता भरनी अनिवार्य है। अभिलेख सत्यापन में शामिल हुए अभ्यर्थियों की हिंदी टंकण परीक्षा 28 अगस्त से होगी। इसके लिए दिशा निर्देश और प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं।

## देश में 50 करोड़ के पार हुई जनधन खातों की संख्या, प्रधानमंत्री मोदी ने जताई प्रसन्नता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनधन खातों की संख्या के 50 करोड़ के पार पहुंचने की महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ को पार कर गई। इस पर पीएम मोदी ने आज कहा कि यह देखकर प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि इनमें से आधे से अधिक खाते हमारी नारी शक्ति के हैं।

पीआईबी इंडिया के एक ट्वीट पर प्रधानमंत्री ने कहा "यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि इनमें से आधे से अधिक खाते हमारी नारी शक्ति के हैं। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए 67 प्रतिशत खातों के साथ, हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय समावेशन का लाभ हमारे देश के हर कोने तक पहुंचे।"

# बारिश से रुद्रप्रयाग में 22 सड़कें बंद, ग्रामीण परेशान

रुद्रप्रयाग। बारिश के चलते जनपद में 22 ब्रांच सड़कें बंद हो गई हैं। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे करीब 50 से अधिक गांवों की अनेक कस्बों में आने-जाने की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वाहनों के न चलने से कई लोगों को मीलों पैदल चलना पड़ रहा है। विशेष रूप से बीमार और गर्भवती महिलाओं के लिए मुश्किलें बढ़ गई है। जनपद में हो रही बारिश के चलते गांव-गांव में पहुंचने के मार्ग बंद हो रहे हैं। भूस्खलन, मलबा और बोल्डर आने के कारण जनपद की 22 सड़कें बंद है। प्रशासन ने लोनिवि, पीएमजीएसवाई को सड़क खोलने के लिए निर्देशित किया है जिसके बाद बंद सड़कों को खोलने का काम जारी है। बंद सड़कों में 7 सड़कें लोक निर्माण विभाग रुद्रप्रयाग, 5 सड़कें लोक निर्माण विभाग ऊखीमठ, 7 सड़कें पीएमजीएसवाई रुद्रप्रयाग, 3 सड़कें पीएमजीएसवाई जखोली तथा की राज्य मोटर मार्ग की 1 सड़क शामिल है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि जो सड़क मार्ग भारी बारिश के कारण अवरुद्ध हैं उनमें नगरासू-डांडाखाल-धनपुर मोटर मार्ग किमी 1 में मार्ग का 20 मीटर भाग पूर्णतया वॉस आउट हो गया है, जिससे मार्ग यातायात के लिए पूर्ण बंद है। 20 अगस्त तक मार्ग के खुलने की उम्मीद है। वहीं छेनागाड़ बक्सीर मोटर मार्ग में दीवार क्षतिग्रस्त एवं भू-धंसाव व मार्ग वास आउट होने से यातायात ठप है। इस सड़क की भी 22 अगस्त तक खुलने की उम्मीद है। गैंठाणा-सिरवाड़ी मोटर मार्ग के किमी 4 में मलवा बोल्डर आने से मार्ग यातायात बंद है। जिसे खोलने का प्रयास किया जा रहा है। खिर्सू-खेड़ाखाल कांडई खांकरा राज्य मोटर मार्ग संख्या 50 किमी 20 में मलवा बोल्डर आने से मार्ग यातायात के लिए अवरुद्ध हो गया है, मार्ग खोलने की कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि रुद्रप्रयाग-चोपड़ा-दशज्यूला उडामांडा मोटर मार्ग के किमी 18 में मलवा बोल्डर आने से मार्ग यातायात बंद है।

बांसवाड़ा-बष्टी बसुकेदार मोटर मार्ग यातायात भी बंद है। एक सप्ताह में उक्त मार्ग खोल दिए जाएंगे। बच्छणस्यूं क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप मलासी, नरेंद्र ममगाईं, बष्टी निवासी वयोवृद्ध बचन सिंह, जखोली निवासी ललिता प्रसाद भट्ट आदि ने कहा कि ब्रांच सड़कें ग्रामीणों की रीढ़ है। इनके बंद होने से लोगों को मीलों पैदल चलना पड़ रहा है। जबकि इमरजेंसी में एम्बुलेंस तक गांव नहीं पहुंच पा रही है। उन्होंने कहा कि बंद सड़कों को अतिरिक्त मशीनें लगाकर शीघ्र खोलने की कार्रवाई करनी चाहिए ताकि लोगों की मुश्किलें कम हो सके।

## रेप पीड़िता के गर्भपात की याचिका टालने पर सुको ने जताई नाराजगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एक रेप पीड़िता की गर्भपात कराने की उसकी याचिका को 12 दिनों तक टालने पर गुजरात उच्च न्यायालय की शनिवार को कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने गुजरात के एक मामले में 'विशेष सुनवाई' करते हुए भ्रूण को हटाने की संभावना का पता लगाने के लिए भरूच की एक मेडिकल बोर्ड से एक नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में सोमवार को अगली सुनवाई कर इस मसले पर विचार करेगी।

पीड़िता के अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा कि उच्च न्यायालय ने मामले की तारीख 23 अगस्त तय की है, जिससे उसकी गर्भावस्था 28 सप्ताह की हो जाएगी। अधिवक्ता ने हालांकि कहा कि, याचिका सात अगस्त को दायर कई और 11 अगस्त को सुनवाई हुई थी। उन्होंने शीर्ष अदालत के समक्ष यह भी कहा कि याचिकाकर्ता महिला को चार अगस्त को अपनी गर्भावस्था के बारे में पता चला और उसने सात अगस्त को उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर की थी।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने शीर्ष अदालत की पीठ के समक्ष यह भी कहा कि इस मामले में उच्च न्यायालय का आदेश रिकॉर्ड पर भी उपलब्ध नहीं था। शीर्ष अदालत की पीठ ने उच्च न्यायालय का आदेश उपलब्ध नहीं होने की याचिक-ाकर्ता के वकील की बात पर कहा, "अगर विवादित आदेश मौजूद ही नहीं है तो हम कोई आदेश कैसे पारित कर सकते हैं। इस मामले को स्थगित करने में मूल्यवान दिन बर्बाद हो गए हैं। देखिए, ऐसे मामलों में तात्कालिकता की भावना होनी चाहिए न कि उदासीन रवैया। हमें ऐसी टिप्पणियाँ करने के लिए खेद है। हम इसे सोमवार को पहले मामले के रूप में सूचीबद्ध करेंगे।"शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि चूंकि कीमती समय पहले ही बर्बाद हो चुका है, इसलिए भरूच के मेडिकल बोर्ड से नई रिपोर्ट मांगी जा सकती है। न्यायमूर्ति नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, "हम याचिकाकर्ता को एक बार फिर से पूछताछ के लिए केएमसीआरआई के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश देते हैं और नवीनतम स्थिति रिपोर्ट कल रविवार शाम छह बजे तक इस अदालत में प्रस्तुत की जा सकती है।"

# 2025 तक देवभूमि उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में देश का सर्वश्रेष्ठ एवं अग्रणी राज्य बनाना हमारा संकल्प : सीएम



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली में मीडिया से संवाद के दौरान उत्तराखण्ड के समग्र विकास की दिशा में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे समेकित प्रयासों पर बेबाकी से अपने विचार रखे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक देवभूमि उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में देश का सर्वश्रेष्ठ एवं अग्रणी राज्य बनाने का हमारा संकल्प है। हम एक समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाने के लिए कार्य कर रहे है। आज अनुकूल औद्योगिक नीति, दक्ष मानव संसाधन और उदार कर लाभों से उत्पन्न पूंजी निवेश में भारी वृद्धि के कारण उत्तराखंड भारत में सबसे तेजी से विकास करने वाले राज्यों में से एक बन गया है। आगामी नवम्बर-दिसम्बर में राज्य में ग्लोबल इनवेस्टर समिट होने जा रहा है। इसमें भारी संख्या में दुनियाभर के निवेशक उत्तराखण्ड में निवेश का निर्णय लेंगे। इस इनवेस्टर समिट में हमने 2.5 लाख करोड़ का लक्ष्य निर्धारित कर निवेश आमंत्रित करने की योजना बनाई है और इस निवेश को हम मात्र निवेश का आयोजन ही नहीं बल्कि इकॉनमी विद इकोलॉजी के समन्वय का एक अनुष्ठान मान कर काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से निवेश के लक्ष्य की पूर्ति हेतु सरकार प्रोएक्टिव एप्रोच के साथ साथ यह भी सुनिश्चित करेगी की निवेशकों के हित,ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्यटन, कृषि,बाग़वानी, आयुष, योग,सर्विस सेक्टर और अन्य संभावित क्षेत्रों को और अधिक समृद्धशाली कैसे बनाया जाए इसका रोड मैप लेकर हम अधिक से अधिक निवेश कैसे सुनिश्चित करें , इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर उद्देश्य सात्त्विक और राज्यहित के साथ-साथ प्रकृति के अनुकूल भी हो तो ईश्वर भी आपके लक्ष्य को भेदने में सहायक हो जाते हैं। इन्हीं उद्देश्यों के साथ हमने उत्तराखंड में एक निवेश क्रांति लाने का संकल्प लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समावेशी विकास के मूलमंत्र के साथ प्रदेश के सभी क्षेत्रों के संतुलित एवं समान विकास के साथ कार्य कर रही है। केदारनाथ व बद्रीनाथ की तर्ज पर कुमायूं के पौराणिक मंदिरों को भव्य बनाने के लिये मानसखण्ड मंदिर माला मिशन की कार्ययोजना पर कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को जी-20 की तीन बैठकों के आयोजन का सुअवसर मिलना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तथा केन्द्र सरकार का देवभूमि उत्तराखण्ड की सरकार, प्रशासनिक अमले एवं लोगों की क्षमता व प्रतिभा पर अटूट विश्वास का प्रतीक है। राज्य में जी-20 के सम्मेलनों का आयोजन हमारे लिए नए अवसर, नए अनुभव, अपनी पारम्परिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक विरासत, पर्यटन की क्षमताओं को अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का स्वर्णिम अवसर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का आमजन को लाभ मिले इसके लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण, समाधान और सन्तुष्टि के भाव पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शीघ्र ही उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा। यूसीसी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मूलमंत्र की दिशा में बढ़ाया गया महत्वपूर्ण कदम है। आमजन का दृष्टिकोण भी इस विषय पर सकारात्मक है। हमारा ड्राफ्ट अन्य राज्यों को भी पसंद आएगा। रिटायर्ड जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित ड्राफ्ट कमेटी प्रदेश में हर वर्ग, हर समुदाय, हर जाति के प्रमुख हितधारकों से बातचीत ड्राफ्ट तैयार कर चुकी है। ड्राफ्ट मिलते ही इसे विधानसभा में प्रस्तुत कर लागू कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में धर्मांतरण को लेकर सख्त कानून बनाया गया है। इसके ज़रिए प्रदेश में अब धर्मांतरण कराने वालों की खैर नहीं होगी। राज्य में जबरन धर्म परिवर्तन संज्ञेय एवं गैर जमानती होगा। इसमें 2 से 7 साल तक जेल और 25 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है। यही नहीं राज्य में देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। राज्य में सरकारी नौकरियों में व्याप्त भ्रष्टाचार का न केवल राज्य सरकार ने खुलासा करते हुए कईयों को जेल की सलाखों के पीछे धकेला बल्कि राज्य का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून भी लागू किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारी ज़मीनों और निजी ज़मीनों पर अवैध क़ब्ज़े के विरुद्ध सख़्त अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 2700 एकड़ से ज्यादा वन भूमि से अवैध क़ब्ज़े हटाये गये हैं। यह अभियान लगातार जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अल्पसंख्यक विरोधी नही अतिक्रमण विरोधी हैं। धर्म समाज में संस्कार तिरोहित कर स्वयं और समाज को संयमित करने के लिए होता हैं। धर्म की आड़ में हम अराजकता या अतिक्रमण करने की छूट किसी को नहीं दे सकते। उत्तराखंड में अब अतिक्रमण का संक्रमण काल समाप्त हो चुका हैं । उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुखिया होने के नाते उन्हें जो ज़िम्मेदारियाँ मिली हैं, उन्हें सुअवसर मानकर वह अपना बेस्ट देने का प्रयास कर रहे हैं।

भारी बारिश के कारण प्रदेश को हुए नुकसान का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आप सभी लोगों से पहाड़ी राज्यों में बारिश की विभीषिका से उत्पन्न हुआ संकट छुपा नही हैं । देवभूमि उत्तराखंड और पड़ोसी राज्य हिमाचल में हुई तबाही में आहत हुए परिवारों के प्रति वे अपनी संवेदना प्रकट करते हैं।

उन्होंने कहा कि बाबा केदार हमें इस संकट में पुनः पूरी मज़बूती से खड़े होकर पुनर्निर्माण की शक्ति दें वे ऐसी प्रार्थना करते हैं। साथ ही उत्तराखंड की देवतुल्य जनता को वे आश्वस्त करते हैं कि उनका यह मुख्य सेवक उनकी हर परेशानी में उनके परिवार के सदस्य की तरह उनका सहयोगी है।

# चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग के बाद इसरो का सबसे बड़ा मिशन

### दुनिया चूमेगी भारत के कदम

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की नजर चंद्रमा के बाद अब सौरमंडल के सबसे गर्म और सबसे बड़े सदस्य सूर्य की सबसे चुनौतीपूर्ण सतह पर उतरने की है। अंतरिक्ष एजेंसी सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य-एल1 सौर अन्वेषण मिशन के प्रक्षेपण की तैयारी कर रही है। आदित्य-एल1 मिशन को इसरो पीएसएलवी रॉकेट द्वारा सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र एसएचएआर (एसडीएससी एसएचएआर), श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा।

इसके बाद कक्षा को और अधिक अण्डाकार बनाया जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को ऑन-बोर्ड प्रणोदन का उपयोग करके लैग्रेंज बिंदु एल-1की ओर प्रक्षेपित किया जाएगा। एल1 बिंदु के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा में रखे गए उपग्रह को बिना किसी ग्रहण/ग्रहण के सूर्य को लगातार देखने का प्रमुख लाभ होता है। इससे वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव को देखने का अधिक लाभ मिलेगा। जैसे ही अंतरिक्ष यान एल 1 की ओर यात्रा करेगा, यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र (एसओआई) से बाहर निकल जाएगा। एसओआई से बाहर निकलने के बाद क्रूज चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। लांच किए जाने के बाद से एल1 तक की कुल यात्रा में आदित्य-एल1 को लगभग चार महीने लगेंगे।

# 12 घंटे में तय होगा दिल्ली से मुंबई का सफर



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सड़क परिवजन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश में जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और अकेले दिल्ली के आसपास 65 हजार करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाओं पर काम चल रहा है जिससे दिल्ली से कई शहरों तक जाने के समय में बहुत कमी आएगी। गडकरी ने एक टीवी चैनल द्वारा अयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि दिल्ली से मुंबई के लिए एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जा रहा है। इस एक्सप्रेस-वे पर काम तेजी से चल रहा है और अगले साल जनवरी या फरवरी में इसका उद्घाटन कर दिया जाएगा। रतलाम तक जल्द ही यातायात शुरू कर दिया जाएगा। उनका कहना था कि इस एक्सप्रेस-वे के बनने से दिल्ली और मुंबई के बीच सड़क मार्ग से महज 12 घंटे में पहुंचा जा सकेगा और रास्तों के आसपास के नजारों का भी आनंद लिया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में 65 हजार करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

इन परियोजनाओं पर काम पूरा होने से दिल्ली से देहरादून का रास्ता दो घंटे में तय हो सकेगा जबकि दिल्ली से हरिद्वार डेढ़ घंटे में पहुंचा जाएगा। इसी तरह से दिल्ली से जयपुर दो घंटे, चंडीगढ़ ढाई घंटे, अमृतसर चार घंटे तथा कटरा की दूरी दिल्ली से छह घंटे में पूरी की जा सकेगी।

गडकरी ने कहा कि देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक राष्ट्रीय राजमार्ग बन रहे हैं और 65 लाख करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाओं पर काम चल रहा है और सभी परियोजनाओं पर पैसा बचाने का काम किया जा रहा है। देश में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क ढाई प्रतिशत से बढकर चार प्रतिशत हो गया है।

इन राष्ट्रीय राजमार्गों पर देश का 40 प्रतिशत ट्रैफिक है। उनका कहना था कि जम्मू-कश्मीर और लेह को जोड़ने के लिए जोजिला में सुरंग का निर्माण किया जा रहा है जिससे 12 महीने यातायात को सुचारूरूप से संचालित किया जा सकेगा। उनका मंत्रालय अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे के साथ ही पूरे देश में सड़कों का जाल बिछा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा राम सर्किट का निर्माण भी किया गया है और इस पर 24 हजार करोड़ रुपए की लागत आई है जबकि गौतमबुध सर्किट पर 22 हजार करोड़ रुपए, महाराष्ट्र पालखी सर्किट पर 12 हजार करोड़ रुपए, मथुरा में भी कोशिश चल रही है।

उत्तराखंड में चार धाम परियोजना पर 12 हजार करोड़ रुपए की लागत आई है जबकि पिथौरागढ मानसरोवर मार्ग पर 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत जिस तेजी से आगे जा रहा है उसके प्रति दुनिया के अन्य देश दिलचस्पी ले रहे हैं। भारत की प्रगति और इस प्रगति की गति को लेकर दुनिया में आकर्षण बढ़ा है। जी-20 सम्मेलन में शामिल हुए देशों से आए मेहमानों का भी इस गति के प्रति आकर्षण है।

# हरिद्वार जिले में आपदा प्रभावितों को बांटी 13 करोड़ 32 लाख 61 हजार सहायता राशि



## 37 लाख 11 हजार 75 श्रद्धालुओं ने की हेमकुंड सहित चार धाम यात्रा

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने विभागीय उपलब्धियां बताई। उन्होंने कहा कि हरिद्वार जिले में आपदा से काफी नुकसान हुआ है। दैवीय आपदा से प्रभावित हरिद्वार जनपद में आपदा राहत के अन्तर्गत सरकार द्वारा 24991 लोगों को 13 करोड़ 32 लाख 61 हजार 3 सौ 27 रूपये की सहायता दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार के पानी में डूबे क्षेत्रों को आपदाग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। लोगों के 03 माह के बिजली और पानी के बिल माफ किये गये हैं। सरकार ने बैंकों से आग्रह किया है कि ऋण वसूली पर 03 महीने तक रोक लगायी जाय। काबीना मंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा 2023 के अन्तर्गत अभी तक कुल 37 लाख 11 हजार 75 श्रद्धालु हेमकुण्ड सहित चारधाम की यात्रा कर चुके हैं। कहा कि सरकार यात्रा एवं मेला प्राधिकरण बनाने की तैयारी कर रही है।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में मीडिया के सम्मुख विभागीय उपलब्धियां के बारे में विस्तार से जानकारी दी। काबीना मंत्री ने बताया कि उन्होंने विगत माह 19 जुलाई हरिद्वार के आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया गया। आपदा से हरिद्वार जनपद को काफी नुकसान हुआ है। लोगों की कृषि योग्य भूमि और घरों तथा दुकानों के अन्दर पानी घुसने से आमजन मानस को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। आपदा प्रभावित 6336 लाभार्थियों को पांच-पांच हजार रूपये के चैक वितरित किये गये है।

अभी तक कुल एक करोड़ सैंतीस लाख नौ हजार रूपये की धनराशि की सहायता प्रदान की जा चुकी हैं। 761 लाभार्थियों जिनके घरों को नुकसान हुआ है उन्हें गृह अनुदान के तहत 44 लाख 41 हजार 3 सौ रूपये की फौरी सहायता दी गई है। लोगों के परिवारों में मानव क्षति/पशु क्षति हुई है ऐसे 29 लाभार्थियों को 3 लाख 19 हजार 1 सौ रूपये की धनराशि दी गई है। 17805 किसानों को फसल क्षतिपूर्ति की भरपाई के तहत 10 करोड़ 89 लाख 25 हजार 5 सौ 29 रूपये की सहायता दी गई है। कटाव क्षति के अन्तर्गत 60 लाभार्थियों को 4 लाख 36 हजार 3 सौ 98 रूपये की धनराशि दी गई है।

### जीएमवीएन गेस्ट हाउसों की बुकिंग का आकंडा पहुंचा 23 करोड़

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा हेतु जीएमवीएन गेस्ट हाउसों की बुकिंग के तहत अभी तक 22 करोड़ 99 लाख 9 हजार 8 सौ 76 से भी अधिक की बुकिंग की जा चुकी है। प्रदेश में यात्रियों की सुरक्षा, सुगमता के दृष्टिगत राज्य में प्रथम बार यात्री सुरक्षा प्रबन्धन प्रणाली का सफलता पूर्वक क्रियान्वयन किया गया। चारधाम यात्रा 2023 हेतु पर्यटकों की सहायता व सुरक्षा के दृष्टिगत आउटसोर्स (उपनल/पीआरडी) के माध्यम से यात्राकाल में धामों में पुरूष व महिला ह्लपर्यटन सहायता व सुरक्षा मित्रह्व की तैनाती की गयी है। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में विभिन्न सर्किटों का निर्माण किया गया है। जिसमें शैव सर्किट के अन्तर्गत 24, शाक्त सर्किट के अन्तर्गत 24, वैष्णव सर्किट के अन्तर्गत 21 विवेकानंद सर्किट के अन्तर्गत 13, नवग्रह सर्किट के अन्तर्गत 08 हनुमान सर्किट के अन्तर्गत 08, नागराजा सर्किट के अन्तर्गत 15 महासू देवता सर्किट के अन्तर्गत 04 तथा गोलू देवता सर्किट के अन्तर्गत 04 मन्दिरों को शामिल किया गया है।

### औली के विकास हेतु मास्टर प्लान तैयार

देहरादून : कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि कुमाऊँ मण्डल के अंतर्गत मानसखण्ड मंदिर माला मिशन योजना हेतु 48 प्रमुख ऐतिहासिक व पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मंदिरों को चिन्हित किया गया है। औली में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत परिसम्पत्तियों का संचालन सुव्यवस्थित रूप से किये जाने हेतु औली के सुनियोजित विकास हेतु औली मास्टर प्लान तैयार किया जा चुका है। जागेश्वर धाम अल्मोड़ा, महासू देवता मंदिर हनोल एवं गंगोत्री-यमुनोत्री आदि का मास्टर प्लान तैयार करवाया जाना प्रस्तावित है।

### श्री केदारनाथ धाम में पुर्ननिर्माण

देहरादून : कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि वर्ष 2013 में आयी भीषण प्राकृतिक आपदा के बाद श्री केदारनाथ उत्थान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों से सीएसआर मद के अन्तर्गत प्रथम चरण में 225 करोड़ के कार्य पूर्ण कराये गये है तथा वर्तमान में दुसरे चरण में 198 करोड़ के कार्य गतिमान है। प्रधानमंत्री के दिशा-निर्देशों पर बद्रीनाथ धाम को विकसित किये जाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा चरणवद्ध रूप से कार्य किये जा रहे है।

### 302 लोगों को मिला होम स्टेट योजना का लाभ

देहरादून : कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि होम स्टे योजनान्तर्गत नवनिर्माण हेतु अधिकतम 60 हजार रूपये प्रति कक्ष तथा यदि भवन की मरम्मत की जानी है तो ऐसी दशा में प्रति कक्ष 25 हजार अधिकतम 06 कक्षों के लिये अनुदान की व्यवस्था है। योजना के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों के 76 गांवों को अब तक अधिसूचित किया गया है तथा 302 व्यक्तियों को योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है।

### 669 रिवर गाइडों को दिया चिकित्सा व सीपीआर का प्रशिक्षण

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग के ऐसे पुल जो उपयोग में नही है, को पर्यटन की दृष्टि से आदि के रूप में पीपीपी मोड में विकसित किया जाना प्रस्तावित है। पर्यटन विभाग द्वारा निःशुल्क सोसायटी के माध्यम से 669 पंजीकृत रिवर गाइडो को पर्यटकों की सुरक्षा हेतु प्राथमिक चिकित्सा व सीपीआर का प्रशिक्षण करवाया गया। पर्यटन विभाग द्वारा रिवर राफ्टिंग हेतु 186 नये रिवर गाइड बनाकर सीधे रोजगार से जोड़ा। पर्यटन विभाग द्वारा प्रथम बार भीमताल एवम् नोकुचियताल में प्रारंभ की गई। पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटकों के लिए रिवर राफ्टिंग हेतु नये स्थल भागीरथी नदी (हर्षिल), तिलोथ से जोशियाडा एवम् यमुना नदी में (हतियारी गांव से कालसी पुल) तक प्रारंभ किए गये। पर्यटन विभाग द्वारा अलकनंदा, पिंडर, भागीरथी, यमुना, काली, टौंस, कोसी, गोरी गंगा, सरयू रामगंगा (पूर्वी/पश्चिमी) रिवर राफ्टिंग हेतु विभाग द्वारा लिये जाने वाले शुल्क को तीन (03) वर्ष के लिए निःशुल्क किया गया है। पर्यटकों के लिए जनपद चम्पावत (लोहाघाट) के कोली ढेक झील में पैडल बोट, डक बोट प्रारंभ की गई। पैराग्लाईडिंग के अन्तर्गत पौड़ी अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, देहरादून, बागेश्वर एवं नैनीताल में नयी साइट चिन्हित की गयी। कैलाश, ओम पर्वत एवं आदि कैलाश के दर्शन हेतु हैली सेवा का प्रारम्भ किये जाने हेतु जनपद पिथौरागढ़, गूंजी नाबीढांग जौलिंगकांग में कार्यवाही गतिमान है।

### 105 गांवों को दी सड़क सुविधा

देहरादून : कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश में बाढ़ एवं वर्षा से 406 सड़कें अवरुद्ध हैं। जबकि 119 सड़कों को यातायात हेतु खोल दिया गया है। अवरुद्ध सड़कों को खोलने के लिए 246 मशीनें लगी हुई हैं। प्रदेश में अधिकांश नेशनल हाइवे खुले हैं। प्रदेश में बाढ़ एवं वर्षा से 83 सेतु क्षतिग्रस्त हुए हैं। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 1425 किमी0 लम्बाई में मार्गों का पुनर्निर्माण एवं 32 पुलों का निर्माण किया गया। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सड़क सुविधा से वंचित 105 ग्रामों को सड़क सुविधा प्रदान की गयी। प्रदेश के विभिन्न श्रेणी के मार्गों को कुल 10244 किमी0 लम्बाई में पैचलैस कर सुलभ यातायात हेतु उपलब्ध कराया गया। क्षतिग्रस्त मार्गों पर पैच मरम्मत हेतु आम जनता से फीडबैक लिए जाने हेतु माह मई, 2023 में पैच रिर्पोटिंग एप लागू किया गया। इस एप के माध्यम से कुल 1190 फीडबैक जनसामान्य द्वारा दिए गए। जिसमें सर्वाधिक 292 फीडबैक देहरादून जनपद में प्राप्त हुए।

### पंचायती राज विभाग में एक हाई पावर कमेटी गठित

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पंचायतों को सुदृढ़ एवं अधिकार सम्पन्न बनाने के लिए संविधान में वर्णित 29 विषयों को पंचायतों को सौंपे जाने हेतु पंचायती राज विभाग में एक हाई पावर कमेटी का गठन किया गया है जिसकी रिपोर्ट आ चुकी है इन 29 विषय को पंचायतों को क्रमबद्ध तरीके से हस्तांतरित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी की वार्षिक प्रविष्ठि पर जिला पंचायत अध्यक्ष और क्षेत्र पंचायत प्रमुख को अपना मंतव्य अंकित करने का अधिकार दिया गया है। पंचायत चुनाव में धन-बल व भ्रष्टाचार समाप्ति के लिए क्षेत्र पंचायत प्रमुखों एवं जिला पंचायत अध्यक्षों का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से किये जाने हेतु संविधान में संशोधन हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया गया। विगत दो वर्षों में 1200 पंचायत भवनों का निर्माण तथा लगभग 300 पंचायत भवनों के मरम्मत पूर्ण किया जा चुका है। 1000 पंचायत भवनों को कम्प्यूटरीकृत किया जा चुका है। राज्य की समस्त 662 न्याय पंचायतों में पंचायत भवनों को दीन दयाल उपाध्याय मिनी सचिवालय के रूप में विकसित किये जाने का लक्ष्य है।

### सिंचाई विभाग की अलग योजना बनाने की तैयारी

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम को व्यवस्थित करने के लिए सिंचाई विभाग एक अलग योजना बनाने की तैयारी में है। सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु 183 नये सोलर पम्पसेट की स्थापना की गई है। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना के अन्तर्गत 318 डीजल पम्पसेट को सोलर पम्पसेट में परिवर्तित किया गया।

## एक नजर

### पांच दुकानदारों को दिये नोटिस

टिहरी : खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग ने टिहरी के चंबा-मसूरी सड़क मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बाहरी जिलों से आने वाले दुग्ध, डेयरी वाहनों का भी निरीक्षण किया। संदेह के आधार पर 17 खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे गए। पांच दुकानदारों के पास लाइसेंस और फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड न होने पर नोटिस जारी किया गया।

जिला अभिहित अधिकारी आरएस पाल के नेतृत्व में खाद्य संरक्षा औषधि विभाग की टीम ने चंबा, जड़ीपानी, काणाताला, सुरकंडा, धनोल्टी आदि क्षेत्र में स्थित प्रतिष्ठानों में चेकिंग अभियान चलाकर दुकानों में फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड लगाने, लाइसेंस रखने और दुकानों में साफ–सफाई रखने के निर्देश दिए। विभागीय टीम ने दूध के 10, बैकरी 2, पनीर, मसाला, बेसन, आटा, सरसों के तेल के एक–एक सैंपल जांच के लिए भेजे। पांच दुकानों में साफ-सफाई न मिलने पर दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया। बताया कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। टीम में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी बलवंत चौहान, शारदा शर्मा, श्रीचंद कुमाईं, जयेंद्र सिंह आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### गुलदार के आंतक से ग्रामीणों में दहशत

टिहरी : चंबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत नवागर में बीते कई दिनों से गुलदार के आंतक होने से ग्रामीणों में दहशत है। नवागर की ग्राम प्रधान पूनम पंवार ने डीएफओ टिहरी को पत्र देकर गुलदार को पकड़े की मांग की है। ग्राम प्रधान ने बताया कि गुलदार द्वारा ग्रामीणों के मवेशियों पर कई बार हमला करने की कोशिश की गई है। ग्राम पंचायत का स्कूल गांव से करीब दो किमी. दूर है, जिसमें गांव के छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने जाते है, गुलदार की दहशत के कारण आजकल बच्चें स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। बताया बरसात के कारण गांव के रास्तों में अत्याधिक झाड़ी ऊगी है, जिसमें गुलदार आसानी छुप सकता है, ग्रामीणों को हर समय गुलदार का भय लगा रहता है।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का किया आह्वान

रुद्रप्रयाग : जखोली ब्लॉक के ओंकारानंद इण्टर कालेज में आजादी के अमृत महोत्सव एवं चिपको आंदोलन की स्वर्ण जयंती पर पर्यावरण जागरूकता रैली एवं गोष्ठी का आयोजित की गयी। जिसमें नागेन्द्र इंका बजीरा, राइंका रामाश्रम और ओंकारानंद इंका जखोली के छात्र-छात्राओं ने ओंकारानंद स्कूल से मुख्य बाजार होते हुए तहसील परिसर तक पर्यावरण संरक्षण के लिए जन-जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार मदन मोहन डुकलान ने पलायन पर कविता सुनाकर पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया है। विशिष्ट अतिथि नागेन्द्र इंका बजीरा के प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत ने रोपित पौधों को संरक्षण रखने का आह्वान किया है। विशिष्ट अतिथि सेनि प्रधानाचार्य धूम सिंह चौहान, रुद्रप्रयाग विधायक प्रतिनिधि भूपेंद्र भण्डारी, प्रधानाचार्य रामाश्रम गजपाल सिंह जगवाण ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने आसपास के वातावरण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया है। गोष्ठी के संयोजक पर्यावरण प्रेमी परिवहन कर अधिकारी अनिल नेगी ने मैती आंदोलन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण कर उन्हें संरक्षित रखने की अपील की है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गिरीश बडोनी ने व अध्यक्षता प्रबंधक ललिता प्रसाद भट्ट ने की है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अमिता नेगी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया है। इस अवसर पर अतिथियों व बच्चों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया है। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता पर आधारित गीत एवं अन्य लघु नाटिका प्रस्तुत की है। मौके पर शिक्षक उम्मेद सिंह रौथाण, सामाजिक कार्यकर्ता जयकृत नेगी, सुनील नेगी, अनिल भट्ट, शिक्षक संदीप, आशा भट्ट, अनूप नेगी, राज्य आन्दोलनकारी वृजमोहन भट्ट, ऋतु पंचमोला सहित कई लोग मौजूद थे।

### थत्यूड़ में उप तहसील खोलने की मांग की

टिहरी : जौनपुर विकास मंच थत्यूड़ के पदाधिकारियों ने थत्यूड़ बाजार में बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। मंच के अध्यक्ष रतनमणी भट्ट ने कहा क्षेत्र लोगों की समस्याओं को देखते हुये थत्यूड़ में उप तहसील खोलने की मांग बैठक मुख्य रुप से रखी गई। इसके साथ ही सीएचसी थत्यूड़ में खाली पदों पर जल्द डॉक्टरों की तैनाती करने, खस्ताहाल थत्यूड़ ढाणा मोटर का डामरीकरण करने, थत्यूड़ के लिये परिवहन निगम की बस सेवा शुरु का प्रस्ताव बैठक में तैयार किया गया। बताया मंच पदाधिकारी जल्द उक्त समस्याओं के प्रस्ताव को लेकर डीएम से भेंट कर उन्हें लिखित पत्र देंगे, और समस्याओं के निराकरण की मांग करेंगे।

## आक्रोशित हिंदू जागरण मंच ने किया प्रदर्शन



ऋषिकेश। हिंदू जागरण मंच ने एमडीडीए के खिलाफ प्रदर्शन किया। संगठन ने एमडीडीए देहरादून के फ्लेटों में चल रही एक समुदाय विशेष की धार्मिक गतिविधियों पर कार्रवाई न किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने एमडीडीए सचिव पर इन गतिविधयों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। शनिवार को हिंदू जागरण मंच के सदस्य हरिद्वार मार्ग पर पुरानी चुंगी के समीप एकत्रित हुए। उन्होंने सरकार और एमडीडीए के खिलाफ पुतला फूंककर प्रदर्शन किया। प्रदेश सह संयोजक सत्यवीर सिंह तोमर ने कहा कि एमडीडीए देहरादून के फ्लेटों में बीते 13 वर्षों से अवैध रूप से एक समुदाय विशेष की धार्मिक गतिविधियां चल रही हैं। देहरादून डीएम ने संबंधित स्थलों को सील करने के निर्देश दिए थे। लेकिन एमडीडीए सचिव की ओर से संबंधित लोगों को एक सप्ताह का समय दे दिया गया है। बीते रोज यह समय सीमा भी समाप्त हो गई। बावजूद इसके अभी तक इन धार्मिक गतिविधियों के संचालन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने धार्मिक गतिविधियों वाले इन स्थलों को सील करने व एमडीडीए सचिव को निलंबित करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में गोविंद चौहान, नीरज सहरावत, अमन तोमर, शिवम चौधरी, शुभम अरोड़ा, राहुल शर्मा, जगदीश जाटव, हरीश मोहन, भरत कैंतुरा, नरेश नौटियाल, मोहित कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## प्रभावितों की मदद को निरंकारी मिशन ने बढ़ाया हाथ

ऋषिकेश। खारास्रोत में भारी बारिश से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए संत निरंकारी मिशन आगे आया है। चार अस्थायी ठिकानों पर शरण लिए करीब 300 लोगों को हर रोज दोपहर का खाना उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी मिशन ने ली है। इस पर राहत–बचाव कार्य में जुटे नगरपालिका प्रशासन ने मिशन से जुड़े लोगों की हौसला अफजाई की है। शनिवार को मुनिकीरेती स्थित बारातघर, पूर्णानंद डिग्री कॉलेज, कबीर चौरा आश्रम और पीडब्ल्यूडी गेस्ट में शरण लिए आपदा प्रभावित परिवारों से संत निरंकारी मिशन के सदस्य मिलने पहुंचे। उन्होंने पालिकाध्यक्ष रोशन रतूड़ी और ईओ तनवीर सिंह मारवाह के साथ प्रभावित को दोपहर का भोजन बांटा। मिशन के जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह ने कहा कि संस्था समाजसेवा के कार्यों में लगातार लगी है। प्रभावितों के घर पहुंचने तक उन्हें एक वक्त का खाना मिशन के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। ब्रांच संयोजक हरीश बांगा ने कहा कि देशभर में मिशन से जुड़े लोग सेवा कार्यों में लगे हैं। पालिकाध्यक्ष रोशन रतूड़ी ने इस जनसेवा पर मिशन के सदस्यों का आभार जताया। ईओ तनवीर सिंह ने बताया कि अभी तक नगरपालिका ही प्रभावित परिवारों के खाने का इंतजाम कर रहा था, लेकिन एक टाइम का भोजन मिशन से मिलने से मदद मिली है।

### तमंचा दिखाकर बाइक लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। प्रेमनगर क्षेत्र में तमंचा दिखाकर एक युवक से बाइक लूट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस ने कई प्रदेशों में लगभग दो हजार सीसीटीवी कैमरे खंगालकर आरोपियों को पकड़ा। पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप कुंवर ने शनिवार को प्रेस वार्ता में इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मामले में राकेश सिंह निवासी राघव विहार प्रेमनगर ने तहरीर दी थी। बताया था कि उनका भाई सात अगस्त की रात सेलाकुई स्थित एक कंपनी से घर लौट रहा था। रास्ते में तीन लोगों ने तमंचा दिखाकर उसे रोका और बाइक लेकर फरार हो गए।

## दस घंटे बाधित रहा ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे



ऋषिकेश। ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे तोताघाटी और व्यासी के पास मलबा गिरने से दस घंटे बाधित रहा। दोपहर एक बजे हाईवे पर छोटे वाहनों का संचालन शुरू हो पाया। जबकि भारी वाहन ऋषिकेश में ही रोक दिये गये। हाईवे बाधित होने से ऋषिकेश से श्रीनगर के बीच सफर करने वाले परेशान रहे। बीते एक सप्ताह से गंगोत्री एवं बदरीनाथ दोनों हाईवे हर रोज बाधित हो रहे हैं। ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे शनिवार तड़के तीन बजे तोताघाटी और सुबह 6 बजे व्यासी के पास मलबा गिरने से बाधित हो गया। सुबह के समय तेज बारिश एवं पत्थर गिरने से तोताघाटी में मलबा हटाने में दिक्कत आई। जबकि व्यासी के पास सुबह 6 बजे से मलबा गिरने का सिलसिला शुरू हो गया। व्यासी के पास सुबह 10 बजे मलबा हटा दिया गया। लेकिन तोताघाटी में मलबा हटाने में समय लग गया। हाईवे पर दोपहर एक बजे बाद छोटे वाहनों की आवाजाही ही शुरू हो पाई। उधर, ऋषिकेश–गंगोत्री हाईवे पर भी भद्रकाली के पास दिनभर मलबा गिरने का सिलसिला चलता रहा। लेकिन वहां लगाई गई जेसीबी की मदद से लगातार मलबा हटाया जाता रहा। ऋषिकेश–बदरीनाथ रूट पर प्रतिदिन 35 लोकल बस सेवाएं संचालित होती हैं। इनमें से दोपहर 12 बजे तक सर्वाधिक 25 बसें रवाना होती हैं। लेकिन शनिवार को मार्ग बाधित होने के चलते दोपहर तक नरेन्द्रनगर होकर 10 बस सेवाएं ही संचालित हो पाईं। सुबह के समय श्रीनगर रूट पर बसें कम चलने से स्थानीय यात्री परेशान रहे। जबकि कुछ हाईवे खुलने का इंतजार करते देखे गये।

एनएच श्रीनगर के सहायक अभियंता हरीश गेलाकोटी ने बताया कि तोता घाटी में बोल्डर गिरने से सड़क डैमेज हो गई है। यहां मलबे के साथ बड़े–बड़े बोल्डर भी गिर रहे हैं। इससे मलबा हटाने में दिक्कत आ रही है।

## पर्यावरण बचाने को प्लास्टिक को त्यागें: राज्यपाल



देहरादून। स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित किए जाने के उद्देश्य से राजभवन में सितंबर माह में ह्यह्यप्लास्टिक के विरूद्ध जंगह्लह्ल सेमिनार आयोजित होगा। इस सेमिनार में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सिंगल यूज प्लास्टिक के कम से कम उपयोग पर मंथन किया जाएगा।

सेमिनार में विभिन्न विशेषज्ञ विभागों के प्रतिनिधियों के अलावा स्वच्छता जागरूकता के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों, उद्योग जगत के लोगों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उक्त सेमिनार में प्रदेश के विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं, शिक्षकों, स्कूली छात्र–छात्राओं के माध्यम से जागरूकता रैली कार्यक्रम एवं सामूहिक स्वच्छता अभियान भी चलाया जायेगा।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में प्लास्टिक के विरूद्ध जंग सेमिनार के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति गंभीरता से चिंतन करने हेतु हम सभी को मिलकर स्वच्छता की दिशा में प्रयास करने होंगे।

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे के कारण हमारे संपूर्ण जलवायु तंत्र, नदी–नाले, जंगल की संपदा आदि में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### परेड ग्राउंड में किड्स जोन बन रहा आकर्षण का केंद्र

देहरादून। परेड ग्राउंड में बच्चों के लिए बन रहे किड्स जोन का काम जल्द पूरा हो जाएगा। इसमें बच्चों के खेलने के लिए के झूले आदि लगवाए जा रहे हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के विभिन्न मिशन और मार्स आर्बिटर मिशन, पीएसएलवी, चंद्रयान 1, चंद्रयान 2, चंद्रयान 3 आदि को समर्पित कलाकृतियां भी बनवाई गई हैं। सीईओ स्मार्ट सिटी सोनिका ने शनिवार को कार्यदायी संस्था से अब तक करवाए गए कार्य की जानकारी ली।

## शहीदों के परिवारजनों को किया सम्मानित

देहरादून। नगर निगम सभागार में शनिवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शहीदों के परिवारजनों को सम्मानित किया गया। आयोजन में बतौर मुख्यअतिथि वन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल और सैनिक कल्याण व कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शिरकत की। झंडा रोहण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। राष्ट्रगान के बाद पवित्र मिट्टी और दीये को हाथ में लेकर शपथ दिलाई गई। इसके बाद शहीदों के परिवारजनों को सम्मानित किया गया। लोगों सैंी्ं ३ेी१ीरँ.ऋड्ड५.ल्ल पर सेल्फी अपलोड करने की अपील की गई। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमें उन सभी वीरों की वंदना करने का अवसर प्राप्त हुआ है, जिन्होंने देश की माटी की लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। प्रधानमंत्री ने पंच प्रण के अंतर्गत आजादी के अमृत काल में देशवासियों को पांच प्रण दिए हैं। जिसमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रण, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का प्रण, भारत की समृद्ध विरासत पर गर्व व उसका संरक्षण करने का प्रण और देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का प्रण है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड एक वीर भूमि है ।

## हिंदू युवा वाहिनी ने उठाई मांग, बाहरी व्यक्तियों का हो सत्यापन

**कोटद्वार** : हिंदू युवा वाहिनी ने शहर में फेरी व कबाड़ी का काम करने वाले बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की मांग की है। कहा कि आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस को गंभीरता से कार्य करना होगा। हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश संगठन महामंत्री राजेश जदली ने इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि कोटद्वार शहर में लगातार बाहरी व्यक्तियों की तादात बढ़ती जा रही है। ऐसे में शहर में काम के लिए आने वाले इन व्यक्तियों का सत्यापन किया जाना अति आवश्यक है। कहा कि पूर्व में कबाड़ का कार्य करने वाले कई व्यक्ति वाहन चोरी की घटनाओं को भी अंजाम दे चुके हैं। यही नहीं, बड़ी स्तर पर कबाड़ का कार्य करने वाले कई व्यक्तियों का आयकर विभाग में पंजीकरण भी नहीं है।

# छात्राओं के आशियाने पर टूटा आपदा का पहाड़, शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थियों ने बढ़ाया मदद का हाथ

**राजकीय इंटर कॉलेज कांडाखाल के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थियों ने दी आर्थिक मदद**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : स्कूल भी विद्यार्थियों का एक परिवार होता है और जब परिवार के किसी सदस्य पर विपदा का पहाड़ टूट पड़े तो सभी को मदद का हाथ आगे बढ़ाना चाहिए। द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज कांडाखाल (लंगूर) के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थियों ने इसका प्रत्यक्ष उदाहरण दिया हैं। विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 11वीं की छात्रा प्राची का परिवार अतिवृष्टि से बेघर हुआ तो विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थियों ने उसके लिए आर्थिक मदद जुटाई।

ग्राम हल्सी निवासी जसपाल मेहनत-मजदूरी कर अपनी परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बीती 13 अगस्त की रात हुई अतिवृष्टि से जसपाल का आशियाना धराशायी हो गया। पहाड़ी से आफत बनकर टूटे मलबे में दबने से घर में रखा पूरा सामान भी नष्ट हो गया। जसपाल ने बड़ी मशक्कत के बाद अपनी माता, पत्नी, दो बेटियां व एक बेटे को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। भवन धराशायी होने के बाद परिवार ने गांव में ही रह रहे अपने रिश्तेदार के घर शरण ली। लेकिन, जिंदगी भर पाई-पाई जोड़कर खरीदे गए सामान व भवन के टूट जाने के बाद परिवार के समक्ष कई संकट खड़े हो गए हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि जसपाल की पुत्री प्राची व उसकी छोटी बहन प्रेरणा उनके विद्यालय में ही पढ़ती है। ऐसे में उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थियों के साथ मिलकर छात्राओं के परिवार को मदद देने का निर्णय लिया। कहा कि विद्यालय परिवार आगे भी छात्राओं की हरसंभव मदद के लिए तत्पर रहेगा।



प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत ग्राम हल्सी में अतिवृष्टि के दौरान क्षतिग्रस्त हुआ छात्रा प्रेरणा व प्राची का आवास

## स्थाई शिक्षक की तैनाती की मांग को लेकर अभिभावकों ने दिया धरना

**श्रीनगर गढ़वाल** : कीर्तिनगर ब्लॉक के चौकी मल्ली में स्थाई शिक्षक की तैनाती की मांग को लेकर अभिभावकों ने स्कूल परिसर में जाकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान अभिभावकों ने कहा कि जब तक विद्यालय में स्थाई शिक्षक की नियुक्ति नहीं हो जाती है तब तक वह अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे व विद्यालय में तालाबंदी कर उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मामले में उन्होंने एसडीएम कीर्तिनगर व उप शिक्षा अधिकारी कीर्तिनगर को भी पत्र भेजा है।

ग्राम प्रधान सरिता देवी का कहना है कि विद्यालय में नियुक्त एक स्थाई शिक्षक को व्यवस्था के तौर पर अन्य विद्यालय में नियुक्त कर दिया गया है। जबकि विद्यालय में 23 बच्चे अध्ययनरत हैं। ऐसे में एक शिक्षक के भरोसे ही विद्यालय को संचालित किया जा रहा है। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्रेम सिंह, पंकज लखेड़ा, त्रिलोक सिंह, विजय सिंह, पूनम, बलमा देवी आदि ने कहा कि विभागीय कार्य प्रणाली से सभी अभिभावकों में गहरा आक्रोश है। कहा कि विरोध स्वरूप दो दिन एक भी बच्चा स्कूल नहीं आया है। उन्होंने कहा कि जब तक विद्यालय में एक और स्थाई शिक्षक की नियुक्ति नहीं होती है तब तक अभिभावक अपने बच्चों का पठन-पाठन स्वयं कराएंगे और विद्यालय में तालाबंदी व उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे।

कहा कि पूर्व में भी इस विद्यालय के बच्चों के भविष्य को नजर अंदाज कर स्थाई शिक्षक को अन्यत्र व्यवस्था पर नियुक्त कर दिया गया है। जिसका भुगत भोगी उन्हें बनना पड़ रहा है। उन्होंने तत्काल विद्यालय में स्थाई शिक्षक नियुक्त किए जाने की मांग की। विरोध जताने वालों में रोशनी देवी, संगीता देवी, आशा देवी, सतेश्वरी देवी, ममता देवी, ललिता देवी, पदमा देवी, सतेश्वरी देवी, रीता देवी, ममता देवी, मीना, मंजू, संगीता देवी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## बारिश की भेंट चढ़ा रास्ता, स्कूल नहीं जा पाए बच्चे

**पौड़ी** : बीते शुक्रवार को हुई तेज बारिश से वार्ड नंबर एक में बैंज्वाडी गांव के ऊपर स्थित शिशु मंदिर विद्यालय को जाने वाला मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके कारण स्कूली बच्चों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को रास्ता क्षतिग्रस्त होने से बच्चे स्कूल नहीं जा पाए। अभिभावकों ने जल्द पालिका प्रशासन से मार्ग को ठीक करवाने की मांग की है जिससे स्कूली बच्चों का इस रास्ते से सुगमता से आवागमन हो सके।अभिभावक कुलदीप बिष्ट, रोशनी देवी, अरविंद नेगी, मालती नेगी, पूनम नेगी ने बताया कि इस मार्ग को दुरुस्त करने के लिए पूर्व में भी पालिका प्रशासन से गुहार लगाई गई थी, लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे बीते शुकवार को हुई तेज बारिश से यहा रास्ता पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। कहा कि पालिका प्रशासन की बेरुखी के चलते भारी बारिश के कारण रास्ता क्षतिग्रस्त हो जाने से गांव से स्कूली बच्चे स्कूल नहीं जा पाए। बताया कि स्कूल आवागमन के लिए ग्रामीणों का मुख्य पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाने से जहां स्कूली बच्चों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है तो वहीं अभिभावकों में भी इसको लेकर खासा रोष है।

## तीसरी बार अध्यक्ष बनें नैथानी

**पौड़ी** : कल्जीखाल ब्लाक के राइंका पुरियाडांग में शिक्षक अभिभावक संघ की नई कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें तीसरी बार महाकांत नैथानी को अध्यक्ष चुने गए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुनियाल, कोषाध्यक्ष मोहन रावत, सचिव कांतिकुमार आर्य, संरक्षक सुरेन्द्र सिंह नेगी, उपसंरक्षक मदन सिंह रावत चुने गए। इसके साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी, मनोज नैथानी, मीनाक्षी रावत, अर्चना पंवार, बीना रावत, सरिता देवी, लक्ष्मी देवी, रीना देवी, सरोजनी देवी को सदस्य चुना गया। प्रधानाचार्य मनोज गुनियाल ने छात्र-छात्राओं के सर्वागीण विकास के लिए अभिभावकों की सहभागिता को जरूरी बताया। कहा कि बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्र-छात्राओं की बेहतर परिणाम देने के लिए हम संकल्पित है।

## भवन धराशायी, गौशाला में रह रहे परिवार

**कोटद्वार** : दुगड्डा ब्लॉक के अंतर्गत घाड क्षेत्र के मटियाली गांव में भवन धराशायी होने के बाद परिवार गौशाला में रहने को मजबूर हो रहे हैं। स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति ने मुख्यमंत्री से ग्रामीणों को मदद पहुंचाने की मांग की है। 15 अगस्त को हुई अतिवृष्टि से ग्रामीण बचन सिंह, हीरा सिंह, हरि सिंह, बीर सिंह, शंकर सिंह का भवन पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। यही नहीं घर में रखा सामान भी पूरी तरह बर्बाद हो गया। पीड़ित परिवार गौशाला में रहने को मजबूर हो गए हैं। स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण गांव के संपर्क मार्ग पूरी तहर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। मुंडला, काटल, भुनार व बस्तोली के समीप बहने वाले बरसाती नाले के उफान से तटबंध व पुलिया टूटने से गदेरे का रुख घरों की ओर हो गया है। इससे हर समय अनहोनी का अंदेशा बना हुआ है। कहा कि घाड़ क्षेत्र के इन प्रभावितों को जल्द मुआवजा उपलब्ध करवाकर बढ़ से बचाव की योजना बनाई जानी चाहिए।

# विस्थापन व आर्थिक मदद के लिए बाढ़ प्रभावितों ने किया प्रदर्शन

### नगर निगम के अंतर्गत काशीरामपुर के बाढ़ प्रभावितों ने तहसील में किया प्रदर्शन , काशीरामपुर तल्ला स्थित शिव मंदिर के निकट अस्थायी तौर पर बसाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम के अंतर्गत काशीरामपुर के बाढ़ प्रभावितों ने विस्थापन और आर्थिक मदद करने की मांग को लेकर तहसील में प्रदर्शन किया। कहा कि आपदा प्रभावितों की मदद के लिए शासन-प्रशासन लापरवाही दिखा रहा है। पीड़ितों ने उन्हें काशीरामपुर तल्ला स्थित शिव मंदिर के निकट खाली भूमि पर अस्थायी तौर पर बसाने की मांग की है।

शनिवार को काशीरामपुर के बाढ़ प्रभावित एडवोकेट प्रवेश रावत के नेतृत्व में तहसील पहुंचे। तहसील पहुंचकर उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रभावितों ने कहा कि काशीरामपुर के करीब 50 परिवार बाढ़ के कारण पूर्ण रूप से प्रभावित हो गये हैं। बाढ़ के कारण उनका भवन भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है साथ ही उनका घर का सारा सामान भी बाढ़ में बह गया है। वर्तमान में उनके पास रहने और खाने के लिए कुछ नहीं बचा है। उनको रात सड़क पर ही बितानी पड़ रही है। कहा कि उनके परिवारों में बीमार बुजुर्ग और छोटे-छोटे बच्चे भी हैं, जिन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन अभी तक उनकी मदद नहीं हुई है। इससे सब परेशान हैं। प्रभावितों ने जल्द विस्थापन और मदद करने की मांग सरकार से की है। प्रभावितों ने उपजिलाधिकारी से उनको तल्ल काशीरामपुर स्थित शिव मंदिर के समीप खाली सरकारी भूमि पर विस्थापित करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों में मौ. स्वाले, विजय सिंह, विजेंद्र, मौ. अनस, मोविन, फातिमा, असगर, मौ. इब्राहीम, नुसरत जहां, नरेंद्र सिंह और विनोद कुमार आदि थे।



कोटद्वार तहसील में प्रदर्शन करते आपदा प्रभावित परिवार व अन्य

### खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर परिवार

पीड़ित परिवार अपने बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे रात बिताने के लिए मजबूर हैं। खुले आसामन के नीचे रहने से बच्चों और बूढ़े लोग बीमार हो रहे हैं। उन्होंने काशीरामपुर तल्ला में शिव मंदिर के निकट खाली भूमि पर पीड़ितों को विस्थापित करने की मांग की है। आपदा पीड़ितों ने कहा कि जब तक उनके पुनर्वास की व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक वे उक्त खाली भूमि पर टेंट लगा कर रह सकते हैं।

# नशे के खात्मे को एक जुट होने की आवश्यकता : सीओ

### सेंट जोसेफ कांवेंट स्कूल में आयोजित की गई कार्यशाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सेंट जोसेफ कांवेंट स्कूल में पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी विभव सैनी ने विद्यार्थियों से नशे के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की।

शनिवार को विद्यालय परिसर में पुलिस की ओर से कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। सीओ विभव सैनी ने विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

कहा कि यदि आपके आसपास कोई भी व्यक्ति नशे का कारोबार करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। नशे बेचने वाले स्कूल व कालेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अपने जाल में फंसाते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को सतर्क रहना होगा। कार्यशाला में उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर सहित अन्य अपराधों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कहा कि जानकारी को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाना भी हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जागरूकता के माध्यम से ही समाज में बढ़ रहे अपराधों को कम किया जा सकता है।



कोटद्वार के सेंट जोसेफ कांवेंट स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक करते सीओ विभव सैनी

## शिविर में 129 की जांच के बाद होम्योपैथी दवाएं दी

रुड़की।होम्योपैथी विभाग ने भारूवाला गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर 300 से ज्यादा लोगों की निशुल्क जांच की। टीम ने जांच को बाद लोगों को जरूरी दवाएं दी।

होम्योपैथी निदेशक डॉ. जेएस फिरमाल के आदेश पर जिला होम्योपैथी विभाग की टीम पिछले माह बाढ़ से प्रभावित रहे लक्सर और खानपुर देहात के गांवों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा रही है। खानपुर के भारूवाला गांव में शिविर की शुरुआत प्रधान सन्नी चौधरी ने की। इसमें भारूवाला, लालचंदवाला, बालचंदवाला, ब्राह्मणवाला, माजरी गांव के 300 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया। टीम ने खांसी, जुकाम, खुजली से ग्रस्त 126 लोगों को मुफ्त दवाएं दी।

बुखार से पीड़ित 21 लोगों को दवा देने के साथ ही उन्हें खून की जांच के लिए सीएचसी खानपुर रेफर किया गया।

# मनोज कुमार ठाकुर बने एएसपी



रुड़की।लक्सर सीओ मनोज कुमार ठाकुर का प्रमोशन एएसपी (अपर पुलिस अधीक्षक) पद पर हो गया है। आदेश आने के बाद एसएसपी अजय सिंह ने उनके कंधों पर अशोक स्तंभ लगाकर बधाई दी। वहीं कांवड़ मेले में सराहनीय योगदान पर उन्हें एक संस्था ने वीरता पुरस्कार भी दिया। वर्ष 2015 में देहरादून निवासी मनोज कुमार ठाकुर का चयन उत्तराखंड में आईपीएस अधिकारी के रूप में हुआ था। प्रशिक्षण के बाद वे नैनीताल, उत्तरकाशी, ऊधमसिंह नगर और देहरादून के अलावा पुलिस मुख्यालय में सेवारत रहे हैं। 2020 में ऊधम सिंह नगर में रहते हुए उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस महानिदेशक ने उन्हें सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया था। हाल ही में शासन ने उन्हें एएसपी पद पर पदोन्नति दी है। बीते शुक्रवार को एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह ने उनके कंधों पर स्टार की जगह अशोक स्तंभ लगाकर प्रमोशन की बधाई दी। एसएसपी ने उम्मीद जताई कि प्रमोशन के बाद जिम्मेदारी बढ़ने पर उनकी क्षमता व कार्यशैली और विकसित होगी। शुक्रवार को एक संस्था की तरफ से देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने उन्हें वीरता पुरस्कार 2023 भी प्रदान किया। संस्था ने कांवड़ मेले के दौरान उनकी सराहनीय सेवा के लिए उन्हें यह सम्मान दिया। शुक्रवार को लक्सर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक अमरचंद शर्मा, एसएसआई अंकुर शर्मा, एसआई मनोज नौटियाल, खेमेंद्र गंगवार, प्रवीण बिष्ट, विपिन कुमार, बबलू चौहान, हरीश गैरोला, एकता ममगाईं, गीता चौहान और अन्य पुलिसकर्मियों ने मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।

## रैली निकालकर बताए नशे के दुष्प्रभाव

**पौड़ी** : भारत स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने रामलीला मैदान से होते हुए शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए एजेंसी चौक तक रैली के माध्यम से आम जन को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। इस दौरान छात्रों ने रैली के माध्यम से जागरूक किया। छात्रों ने नशे को भगाना है उत्तराखंड को बचाना है जैसे नारों के माध्यम से आमजन को नशे से दूर रहने की सलाह दी। मुख्य अतिथि कन्या इंटर कॉलेज की प्रभारी प्रधानाचार्य सावित्री सेव नेगी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 2025 के नशा मुक्त उत्तराखंड के विजन को साकार करने के लिए रेली का आयोजन किया गया है। नशा युवा पीढ़ी की जीवन को बर्बाद कर रहा है आज वर्तमान में नशे की लत की वजह से कई घरों के परिवार उजड़ गए हैं। इस दौरान उत्तराखंड स्काउट गाइड के जिला सचिव केशर सिंह असवाल ने भी नशे के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रैली में शालिनी, पूजा भंडारी, नेहा, अनुराग रावत, दिलबर सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## खेल प्रतियोगिताएं 21 से

**श्रीनगर गढ़वाल** : राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के खेल विभाग की ओर से 21 अगस्त से 29 अगस्त तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक मोहित बिष्ट ने बताया कि विवि के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के लिए क्रिकेट, चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर रेस, हिट द टारगेट आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं विवि के चौरास परिसर स्थित खेल मैदान में आयोजित की जाएगी।

# जागा सरकारी सिस्टमः सिद्धबली पुल के पिलर की मरम्मत का कार्य शुरू

### खोह नदी पर बने पुल के पिलर की बुनियाद होने लगी थी खोखली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आखिर सरकारी सिस्टम ने सिद्धबली पुल के पिलर की सुध ले ही ली है। दर-असल, खोह नदी पर बने इस पुल के पिलर की बुनियाद लगातार खोखली होती जा रही थी। ऐसे में कभी भी पुल के पिलर के ढहने का खतरा बना हुआ था।

कुछ वर्ष पूर्व चैनेलाइजेशन के नाम पर खोह नदी में अवैध खनन का खुला खेल चला। यही कारण था कि इस वर्ष वर्षा काल में खोह नदी विकराल बनकर आबादी में पहुंची और कई आशियाने ढहाकर ले गई। गाड़ीघाट पुल की एप्रोच भी खोह नदी की भेंट चढ़ गई थी। खननकारियों ने नदी पर बने पुलों की नींव तक को खोद डाला था। यही नहीं सिद्धबली मंदिर को जोड़ने वाले पुल के नीचे भी खनन गतिविधियों को अंजाम दिया गया। नतीजा पुल के एक पिलर की बुनियाद लगातार खोखली होने लगी थी।

ऐसे में नेशनल हाईवे से सिद्धबली मंदिर को जोड़ने वाले इस पुल के धराशायी होने का खतरा बना हुआ था। पुल पर मंडरा रहे खतरे को भांपते हुए लोक निर्माण विभाग ने पुल के पिलर को बचाने की कवायद शुरू कर दी है। खोखले पिलर के आसपास पत्थर व जाल की बुनियाद तैयार की जा रही है। यही नहीं चैनेलाइजेशन कर नदी के रूख को भी बदल दिया गया है।



कोटद्वार के सिद्धबली पुल की मरम्मत के लिए बनाई जा रही पत्थर व लोहे के जाल की बुनियाद

# चर्चा का विषय बनी मेडिकल कॉलेज में अपने आप चल रही व्हील चेयर



अल्मोड़ा। मेडिकल कॉलेज में अजीबो गरीब मामला सामने आया है। यहां लगे सीसीटीवी में देर रात एक व्हील चेयर के चलने की घटना कैद हुई है। लोग इसे भूत–प्रेत से जोड़ रहे हैं, वहीं अस्पताल कर्मचारी फर्श के ढलान और तेज हवा को कारण बता रहे हैं। इन दिनों सोशल मीडिया में मेडिकल कॉलेज बेस परिसर में व्हील चेयर के अपने आप चलने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में अस्पताल के बाहर फर्श में एक व्हील चेयर बिना किसी सहारे के अपने आप आगे बढ़ रही है। यह वीडियो हर किसी के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। व्हील चेयर के चलने की वीडियो देखकर हर कोई हैरान है। कई लोग इसे मेडिकल कॉलेज में भूत–प्रेत की बात कह रहे हैं, जबकि कुछ का कहना है कि बीते साल पहले जिला अस्पताल में भी इस तरह की घटनाएं सामने आई थी। अस्पताल कर्मचारियों का मानना है कि व्हील चेयर फर्श के ढलान में होने और हवा के वेग से चल रही है। वहीं, मामले में प्राचार्य सीपी भैसोड़ा ने बताया कि अस्पताल में ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है,

## हिमवीरों ने दिगालीचौड़ में 1480 पौधे लगाए

चम्पावत। आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी छमनियां लोहाघाट ने नेपाल सीमा से लगे दिगालीचौड़ क्षेत्र में पौध रोपण किया। पौध रोपण में वन विभाग और ग्रामीणों ने सहयोग किया।

आईटीबीपी के कमांडेंट धर्मपाल सिंह रावत के नेतृत्व में हिमवीरों ने दिगालीचौड़ क्षेत्र के गोठिया फलांग क्षेत्र में बृहद पौधरोपण किया। कमांडेंट ने कहा कि पौधरोपण करने से वातावरण स्वच्छ रहेगा। इस दौरान 1480 पौधों का रोपण किया गया। कमांडेंट ने बताया कि गृहमंत्रालय और महानिदेशालय के निर्देश पर वाहिनी को 20 हजार पौध लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इसमें अभी तक 13 हजार पौधों का रोपण कर लिया गया है।

# नगर में घूम रहे आवारा गौवंश स्वामियों पर पालिका कर रही कार्यवाही

अल्मोड़ा। नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा द्वारा नगर क्षेत्र में विचरण कर रहे आवारा गौवंश को नगर से हटाने की कार्यवाही गतिमान है। पालिका के अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी ने बताया कि पालिका द्वारा कुछ आवारा गौवंश को गौ सदन ज्योली में भेजा गया है, तथा कुछ गौवंश को गौ सदन बाजपुर भेजा जाना नियत था, लेकिन गोवंश में चल रही बीमारी के कारण गोवंश को बाजपुर गोसदन भेजा जाना स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अल्मोड़ा पालिका द्वारा कुछ गौवंश स्वामियों को नोटिस जारी किये गये हैं, तथा नगर क्षेत्र में आवारा घूम रहे गौवंश को चिन्हित करने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है। पालिका द्वारा शनिवार 19 अगस्त को नगर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर नगर में आवारा छोड़े गये 12 गौवंश को चयनित कर उनके कानों में लगे टैग नम्बरों के आधार पर पशु स्वामियों का नाम व पते की जाँच हेतु पशुपालन विभाग से संपर्क किया है, पालिका को उक्त पशु स्वामियों का नाम व पता उपलब्ध होते ही पालिका द्वारा नियमानुसार तत्काल ऐसे आवारा गोवंश के स्वामियों के प्रति चालान की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाएगी। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर में घूम रहे आवारा पशुओं को नगर से हटाने तथा जिन पशु स्वामियों द्वारा अपने पशु नगर में आवारा छोड़े जा रहे हैं। उनके विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

## बेहोशी की हालत में मिले दो नेपाली

चम्पावत। बनबसा रोडवेज स्टेशन में दो नेपाली नागरिक बेहोशी की हालत में पड़े मिले। जिन्हें टनकपुर उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। होश में आने के बाद दोनों युवक घर को रवाना हो गए। कोतवाल चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह बनबसा रोडवेज स्टेशन के पास दो नेपाली युवक बेहोशी की हालत में पड़े मिले।

# ओपीडी में कैशलैस इलाज का शासनादेश जारी किया जाए

देहरादून। गर्वमेंट पेंशनर्स वैलफेयर आर्गेनाइजेशन ने गोल्डन कार्ड के लिए मासिक कटौती का विकल्प फिर से उपलब्ध कराने और ओपीडी में कैशलैस इलाज को लेकर शासनादेश करने की मांग की है। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष बची सिंह रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में राजकीय पेंशनर्स को गोल्डन कार्ड की सुविधा पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने गोल्डन कार्ड की सुविधा नहीं लेने वाले पेंशनर्स से मासिक कटौती तो बंद कर दी है, लेकिन उन पेंशनर्स के चिकित्सा उपचार को लेकर शासनादेश नहीं किया है। उन्हें पुरानी चिकित्सा प्रतिपूर्ति व्यवस्था का लाभ दिया जाना चाहिए। साथ ही जिन पेंशनर्स ने गोल्डन कार्ड योजना को नहीं चुना है, उनसे पूर्व में की गई मासिक कटौती को तत्काल वापस किया जाना चाहिए। पेंशनर्स ने कहा कि सरकार ने उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। बैठक में कालीराम चौहान, जेएस पंत, सीपी घिल्डियाल, एसके नैय्यर, पीएस रौतेला, एसके अग्रवाल, दीपचंद शर्मा, ओमवीर सिंह चौधरी, जेएन यादव, सतीश शर्मा, ललित पांडे, कुंवर कुलदीप, ज्ञानचंद्र शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान

चम्पावत। लोहाघाट में पालिका ने सात वार्डों में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान दवा का छिड़काव किया गया। पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा ने बताया कि बरसात को देखते पालिका ने संक्रमक रोगों के बचाव के लिए हर वार्ड में झाड़ियों का कटान, जमा गंदगी आदि का निस्तारण करते हुए आवश्यक दवा का छिड़काव किया है।

## 22 अगस्त से शुरू होगा कृमि मुक्ति दिवस

चम्पावत। एनएचएम के तहत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 22 से 29 अगस्त तक मनाया जाएगा। इस दौरान स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। कार्यक्रम को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया गया। शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में डीएम नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई। सीएमओ डॉ.केके अग्रवाल ने बताया कि जिले में एक से 19 वर्ष तक के 80334 बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। छूट गए बच्चों को 29 अगस्त को दवा खिलाई जाएगी। डीएम ने कृमि दिवस के दिन वाहनों से यात्रा करने वाले बच्चों को दवा खिलाने के लिए बस स्टेशन और चौकियों में टीम तैनात करने के निर्देश दिए।

# अल्मोड़ा में धूमधाम से मनाया गया तीज पर्व



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में जय मां नंदा सुंनदा महिला संस्था द्वारा आयोजित तीज महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित तीज पर्व पर विहान सांस्कृतिक समिति की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कुमाऊंनी–गढ़वाली समेत तीज पर्व पर गाये जाने वाले गीतों की भी शानदार प्रस्तुति दी। वहीं महिलाओं ने पारंपरिक वेश भूषा में सज धज कर शिव शंकर चले कैलाश बंदिया पड़ने लगी, मेरी बहना झूला तो झूलें नंदलाल, झूला तो पड़ गयो अमुवा की डाल पर, नन्ही–नन्ही बुदिया रे सावन का तेरा झूलना आदि गीत गाए और झूला झूलकर खुशी का इजहार भी किया। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष किरन पंत, संचालक पूनम बोला, सचिव रितु पन्त, उपाध्यक्ष हेमा मटेला, संरक्षक मीना जोशी, लता साह, चन्द्रकला बिष्ट, ज्योति तिवारी, निक्की सोनी, नीमा, रूचि बोरा, सोनिया कर्नाटक तथा छोलिया नृत्य दल अल्मोड़ा के चन्दन बोरा, पूरन बोरा सहित अन्य कलाकार शामिल रहे।

# वीआईपी सिक्योरिटी कोर्स में अल्मोड़ा पुलिस के जवान ने बेस्ट फाईरर का खिताब जीता



अल्मोड़ा। अभिसूचना एवं सुरक्षा मुख्यालय उत्तराखण्ड देहरादून में 24 जुलाई से 16 अगस्त 2023 तक आयोजित वीआईपी सिक्योरिटी कोर्स में पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा में नियुक्त कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह कोरंगा द्वारा प्रतिभाग किया गया था। कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह कोरंगा द्वारा कोर्स के दौरान आयोजित फायरिंग कम्पटिशन में बेस्ट फाईरर का अवार्ड जीतकर अल्मोड़ा पुलिस का नाम रोशन किया गया। शनिवार को रामचन्द्र राजगुरु, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा द्वारा कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह कोरंगा को बेस्ट फाईरर का अवार्ड जीतने पर बधाई देते हुए उनकी पीठ थपथपाकर उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी।

## चामी में आषाड़ी महोत्सव की तैयारियां शुरू

चम्पावत। चामी चौमेल में रक्षाबंधन पर्व पर होने वाले छह दिवसीय आषाड़ी महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर को रंग रोगन से चमकाने के साथ रथ यात्रा मार्ग में झाड़ी कटान शुरू हो गया है। महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक महर की अध्यक्षता और उमेद सिंह के संचालन में महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने बताया कि 26 अगस्त को कलश यात्रा के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। 31 अगस्त रक्षाबंधन के दिन मुख्य मेला आयोजित होगा।

# धारानौला क्षेत्र से भी संचालित की जाय सिटी बस

अल्मोड़ा। डे केयर संस्था की साप्ताहिक बैठक शनिवार को नगर पालिका सभागार में हुई। बैठक में नगर की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से मन्थन किया गया। सदस्यों ने बंदरों तथा आवारा कुत्तों की समस्या पर बहुत चिन्ता व्यक्त की, मांग की गई कि बन्दरों को शीघ्र पकड़ा जाय तथा इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाय। बैठक में दूसरी सिटी बस का संचालन करने पर नगर पालिका तथा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया तथा धारानौला क्षेत्र से भी एक सिटी बस संचालित करने की मांग रखी गई। अल्मोड़ा बाजार में दिन के समय दोपहिया वाहनों के बिना रोक टोक के चलने, नाबालिग बच्चों द्वारा तेज गति से चलाने पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में सीनियर्स डे 2 अक्टूबर की तैयारी के सम्बन्ध में भी विचार विमर्श किया गया। यहाँ बैठक में आनन्द सिंह बगडवाल, डॉ गोकुल सिंह रावत, डॉ जे सी दुर्गापाल, मनोहर सिंह नेगी, मोहन सिंह नयाल, आनन्द सिंह ऐरी, डॉ अरूण पंत, प्रताप सिंह सत्याल, चन्द्र मणि भट्ट, तारा चन्द्र साह, किशोर चन्द्र जोशी आदि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता हेमचन्द्र जोशी एवं संचालन एम सी काण्डपाल ने किया।

## डिग्री कॉलेज में रिक्त सीटें भरने की मांग

चम्पावत। सागौन की लकड़ी का अवैध चिरान में उपयुक्त आरा मशीन को वन विभाग ने सीज किया है। मामले में वन विभाग ने आरा संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शारदा वन क्षेत्राधिकारी पीसी जोशी ने बताया कि शुक्रवार देर शाम मनिहारगोठ निवासी अलीम पुत्र मोहम्मद कलीम को मनिहारगोठ के पास से पांच हॉर्स पावर क्षमता की आरा मशीन से सागौन की लकड़ी का चिरान करते पकड़ा गया। पूछताछ करने पर संबंधित संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

# मोटे अनाजों का उत्पादन एवं विपणन विषय पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ



अल्मोड़ा। ग्रामीण समाज कल्याण समिति (ग्रास) संस्था ने नाबार्ड द्वारा प्रायोजित मोटे अनाजों का उत्पादन एवं विपणन विषय पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण धामस के 90 महिला किसानों के 02 बैच में प्रारम्भ किया। कार्यक्रम में गिरीश चन्द्र पन्त, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड ने कहा कि महिला किसान पर्वतीय क्षेत्र की रीढ़ है। फसल उत्पादन, पशुपालन, चारा प्रबन्धन का बोझ महिलाओं पर निर्भर है। मोटे अनाजो में मंडुवा, झंगोरा, कौड़ी, गहत, भट्ट, चैलाई आदि भी यहां की मुख्य उत्पादन फसलें है। इसकी वैज्ञानिक विधि से खेती करने से उत्पादन बढ़ेगा जिससे किसानों की आय बढ़ेगी। संस्था अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान ने महिला समूहों, किसानों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहां मोटे अनाजों का उत्पादन विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान, हवालबाग के वैज्ञानिकों के अनुसार करेंगे तो आय में बढ़ोतरी होगी। कृषि प्रभारी, हवालबाग अरविन्द गुप्ता ने महिला किसानों को अवगत कराया कि कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर में सचल केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

## आयुष्मान कार्ड के तहत जांचे मुफ्त कराने, पेंशन बढ़ाने की मांग

काशीपुर। गांव मुंडिया कला के सैकड़ों ग्रामीणों ने एसडीएम के माध्यम से सीएम को दो सूत्रीय ज्ञापन भेजा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के तहत जांचे मुफ्त कराने की की मांग की। शनिवार को ग्राम प्रधान नेहा परवीन के नेतृत्व में सैकड़ों महिला पुरुष एकजुट होकर एसडीएम कोर्ट पहुंचे। जहां एसडीएम की गैर मौजूदगी में एक ज्ञापन पेशकार को सौंपा। इन लोगों का कहना था कि वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन के तहत पेंशनधारकों को 1500 रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं, जो कि महंगाई दर से बेहद कम हैं। इन लोगों ने पेंशन राशि बढ़ाकर 3000 प्रति माह करने की मांग की। आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लाख तक के इलाज में अस्पताल जांचें बाहर से करवाते हैं। ये जांचें मुफ्त कराई जाएं।

# बाजपुर में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन

काशीपुर। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में 17 विद्यालयों के 31 बाल वैज्ञानिकों ने श्री अन्न एक मूल्यवर्धित पौष्टिक अथवा भ्रांति आहार विषय पर अपने अपने विचार रखे। इस संगोष्ठी में बेहतर प्रदर्शन करने वाली कंचन जोशी प्रथम, पवन कुमार द्वितीय तथा गुरप्रीत कौर तृतीय स्थान पर रही।

शनिवार को सरस्वती बालिका विद्या मंदिर परिसर में आयोजित हुई इस विज्ञान संगोष्ठी का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी भास्करानंद पांडे, महेश कुमार, अनमोला शर्मा तथा ब्लॉक विज्ञान समन्वयक इदरीश बेग ने संयुक्त रूप से किया। ब्लॉक समन्वयक इदरीश बेग ने बताया कि ये संगोष्ठी श्री अन्न एक मूल्यवर्धित पौष्टिक अथवा भ्रांति आहार विषय पर आयोजित की गई थी। इस संगोष्ठी में ब्लॉक के 17 स्कूलों के 31 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था। इस संगोष्ठी में पहुंचे बाल वैज्ञानिकों ने अपने अपने विचार रखे। वहीं निर्णायक रहे नवाज मसूद, सुरेश चंद्र उप्रेती, रावेंद्र सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज हरिपुरा हरसान की कंचन जोशी को प्रथम, राजकीय इंटर कॉलेज बेरिया दौलत के पवन कुमार को द्वितीय तथा राजकीय इंटर कॉलेज बरहैनी की गुरप्रीत कौर को तृतीय स्थान के लिये चयनित किया। अब ये तीनों चयनित प्रतिभागी 22 अगस्त को गुरूनानक बालिका इंटर कॉलेज में होने वाली जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रतिभाग करेंगे। वहीं खंड विकास अधिकारी ने कहा कि उनके जनपद के बच्चे होनहार हैं तथा आगे चलकर यही बच्चे क्षेत्र व जनपद का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने सभी विजेता छात्र छात्राओं व प्रतिभाग करने वालों को भी शुभकामनायें दी।

## स्मैक के साथ एक दबोचा

चम्पावत। पुलिस ने 2.60 ग्राम स्मैक के साथ एक दबोचा है। पकड़े गए आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत पुलिस ने शारदा स्टोन क्रेशर के पास से वार्ड तीन निवासी कामरान खान को 2.60 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा।

# हिजामं ने फूंका एमडीडीए सचिव का पुतला



चम्पावत। हिन्दू जागरण मंच ने एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्नियां का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि एमडीडीए सचिव ने अवैध मस्जिद व मदरसों को सील करने के आदेशों को दरकिनार किया है। हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मस्जिद और मदरसा चला रहे लोगों से सचिव ने सांठ गांठ करके उन्हें राहत देने का कार्य किया। इसके विरोध में हिन्दू जागरण मंच ने शनिवार को चम्पावत मोटर स्टेशन में एमडीडीए सचिव का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने मामले में एमडीडीए सचिव के निलंबन की मांग की है। ऐसा न करने पर कार्यकर्ताओं ने एमडीडीए कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी है। पुतला फूंकने वालों में हर्षित राय, चंदन बिष्ट, सौरभ बिष्ट, अमित रैंसवाल, शुभम रावत, मुकेश बोरा, दीपक महर, मन्नू जोशी रहे।

## दहेज उत्पीड़न के आरोप में पति समेत पांच नामजद

काशीपुर। एक विवाहिता ने अपने ससुराल वालों पर स्विफ्ट कार और नकदी के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। जसपुर खुर्द निवासी अर्शी मलिक पुत्री स्व. हामिद हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका निकाह 28 नवंबर 2020 को मीरगंज, बरेली निवासी एहसान पुत्र मरगूब के साथ हुआ था। ससुराल वाले कम दहेज के ताने देकर उसे प्रताड़ित करने लगे। वह दहेज में कार स्विफ्ट डिजायर की मांग करने लगे। उसने ऑपरेशन से एक पुत्र को जन्म दिया, जिसका खर्चा 38 हजार रुपये भी उसके मायके वालों ने वहन किया।

29 मार्च 2023 को कार व नकदी की मांग को लेकर उसे घर से निकाल दिया। आरोप है कि 06 अप्रैल को पति व ससुरालियों ने उसके मायके में आकर उसके साथ मारपीट की।

# मुम्बई की प्रसिद्ध जहांगीर आर्ट गैलरी में लगेगी गीता के चित्रों की प्रदर्शनी



अल्मोड़ा। गीता तिवारी अल्मोड़ा उत्तराखंड की युवा चित्रकार हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई बीएफए, एमएफए दृश्यकला संकाय एसएसजे कैम्पस अल्मोड़ा से पूरी करने के बाद दिल्ली में दो वर्ष एसकेएटी (संजय कुमार आर्ट इन्स्टीट्यूट) में वरिष्ठ एवं विख्यात कलाकार संजय कुमार के मार्गदर्शन में काम किया। तत्पश्चात् उन्होंने दिल्ली में अपना स्टूडियो बनाया और अपना कार्य प्रारम्भ किया।

दिल्ली में हाल ही में उनके चित्रों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गयी जिसमें उनकी कला की जमकर सराहना हुई। प्रदर्शनी में उनकी पेंटिंग को लोगों ने काफी पसन्द भी किया और खरीदा। अब उन्हें मशहूर मुम्बई में अपनी कला का, अपने चित्रों की प्रदर्शनी लगाने का मौका मिला है। मुम्बई नगरी में उनके चित्रों की पहली प्रदर्शनी नेहरू सेंटर में 22 अगस्त से 28 अगस्त तक लगेगी। इसके बाद अगली प्रदर्शनी जहांगीर आर्ट गैलरी में 18 सितम्बर से 24 सितम्बर तक लगेगी। जहांगीर आर्ट गैलरी में किसी कलाकार के चित्रों की प्रदर्शनी लगना बहुत बड़ी बात है क्योंकि जिन भी चित्रकारों की कला प्रदर्शनी जहांगीर आर्ट गैलरी में लगी है ।

# अयोग्य पाए गए 469 घोड़े-खच्चर, 16 लोगों पर मुकदमा दर्ज

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ यात्रा मार्ग में घायलवस्था एवं भारी पीड़ा में सामान ढो रहे घोड़े-खच्चरों के लिए यहां तैनात सेक्टर अधिकारी, म्यूल टास्क फोर्स व डीडीआरएफ के जवान देवदूत बन रहे हैं। जहां भी घोड़े-खच्चर दयनीय हालत में दिखे रहे हैं उन्हें शीघ्र उपचार के लिए भेजा जा रहा है।

वहीं यात्रा मार्ग में निरीक्षण के दौरान जो घोड़े-खच्चर बीमार एवं घायल हुए हैं ऐसे 3730 घोड़े-खच्चरों का उपचार किया गया है। जबकि 15651 घोड़े-खच्चरों का निरीक्षण किया गया है। यात्रा के लिए 469 घोड़े-खच्चर अयोग्य पाए गए। जबकि 215 घोड़े-खच्चर मालिकों एवं संचालकों का चालान किया गया है। 16 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार के निर्देशों पर केदारनाथ यात्रा मार्ग में तैनात सेक्टर अधिकारियों एवं संबंधित टीमों द्वारा यहां संचालित हो रहे घोड़े-खच्चरों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है जबकि निरंतर चैकिंग की जा रही है। जो घोड़े-खच्चर घायल एवं लंगड़ा के चल रहे हैं उनको तत्काल यात्रा मार्ग से हटाकर उपचार के लिए भेजा जा रहा है।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि पशु क्रूरता में 16 व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इधर, सेक्टर अधिकारी गौरीकुंड अनिल कुमार ने बताया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग में निगरानी और चेकिंग के दौरान पीठ में घाव व पैर में चोट के कारण लंगड़ा कर चल रहे घोड़े-खच्चरों को उपचार के लिए भेजा गया है। जबकि संचालकों एवं मालिकों पर चालान की कार्यवाही की जा रही है। बीते दिनों जिलाधिकारी ने केदारनाथ यात्रा मार्ग में किसी भी दशा में घायल एवं बिना पंजीकरण के घोड़े-खच्चरों का संचालन न हो इसके लिए सेक्टर एवं सहायक सेक्टर अधिकारी व म्यूल टास्क फोर्स व डीडीआरएफ की टीम को संचालित हो रहे घोड़े-खच्चरों की कड़ी निगरानी करते हुए चैकिंग के निर्देश दिए हैं। (एजेंसी)

## कलयुग का प्रभाव चरम पर हैः महामंडलेश्वर

हरिद्वार। श्रीगीता विज्ञान आश्रम के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती ने कहा कि कलयुग का प्रभाव चरम पर है। मानवता समाप्त हो रही है और दानवता की प्रवृत्ति बढ़ रही है। पारिवारिक रिश्तों का ह्रास हो रहा है तथा स्वार्थ परता बढ़ रही है। वे आज विष्णु गार्डन स्थित श्रीगीता विज्ञान आश्रम में हरियाली तीज के अवसर पर आए भक्तों को वर्तमान परिवेश में गीता के सैद्धांतिक स्वरूप से परिभाषित कर रहे थे। गीता के वैज्ञानिक शोधों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि समय एवं युग दोनों परिवर्तनशील हैं, लेकिन सृष्टि का विधान है कि युग परिवर्तन से पूर्व जलवायु परिवर्तन होता है और जलवायु के बदलने से व्यक्ति की मानसिक प्रवृत्तियां बदल जाती हैं। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है उसी का प्रभाव है कि परिवार और समाज से अपनत्व की भावना समाप्त हो रही है और स्वार्थ बढ़ रहा है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

टिहरी : बीते शुक्रवार रात करीब आठ बजे ऋषिकेश चंबा हाईवे पर सहारनपुर से चंबा की ओर आ रही बाइक फकोट के अनियत्रिंत होकर रपट गई, जिससे बाइक सवार अजमेर (25) पुत्र शंभू निवासी ग्राम फेनुल्लापुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर की दुर्घटना में मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक चालक सनी शेखवाल (22) पुत्र सुरेंद्र को हल्की चोटें आई। थाना पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये एम्स अस्पताल ऋषिकेश भिजवाया। थाना प्रभारी पंकज देवरानी ने बताया घटना की जानकारी युवक के परिजनों को दी गई है। (एजेंसी)

## बिना फिजिशियन और सर्जन के चल रहा सिविल अस्पताल

रुड़की। रुड़की का सिविल अस्पताल इस समय बिना फिजिशियन और सर्जन के चल रहा है। ऐसे में यहां आने वाले मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय कंसल ने उम्मीद जताई कि जल्दी ही दोनों पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हो जाएंगे और स्थिति सामान्य हो जाएगी। रुड़की का सिविल हॉस्पिटल यहां आने वाले मरीजों की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। यहां रुड़की ही नहीं बल्कि आसपास के देहात क्षेत्र लक्सर, खानपुर, मंगलौर, भगवानपुर, झबरेड़ा, कलियर आदि से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। अस्पताल में पर्याप्त संसाधन भी उपलब्ध हैं, लेकिन पिछले दो महीने से अस्पताल विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। मुख्य तौर पर यहां फिजिशियन और सर्जन दोनों ही अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। जिस कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते मरीजों को उपचार कराने के लिए अन्यत्र जाना पड़ता है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय कंसल ने बताया कि चिकित्सकों की तैनाती के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

# ऊखीमठ में कब बनेगा पशु चिकित्सालय

रुद्रप्रयाग : राज्य निर्माण के 22 वर्ष पूरे होने के बावजूद भी आज तक ऊखीमठ में पशुचिकित्सालय का भवन नहीं बन पाया है। वर्तमान में जिस किराए के भवन पर चिकित्सालय है वह भी जीर्णशीर्ण बना हुआ है।

तहसील एवं विकासखंड मुख्यालय होने के बाद भी ऊखीमठ में पशुपालन विभाग के पास अपना पशुचिकित्सालय नहीं है। आलम यह है कि यहां जिस किराए के भवन पर चिकित्सालय संचालित किया जा रहा है वहां पशुओं को ले जाने तक का पर्याप्त रास्ता तक नहीं है। जिससे बड़े जानवर वहां नहीं पहुंच पाते हैं। सन 1991 से किराए के भवन पर चिकित्सालय संचालित किया जा रहा है। लेकिन अभी तक विभाग का अपना भवन नहीं बन पाया है। इससे पूर्व 1962 में जेबिरी के निकट पांच नाली भूमि पर चिकित्सालय का निर्माण किया गया था लेकिन 1991 के भूकंप से क्षतिग्रस्त होने के कारण तब से किराए के भवन पर संचालित किया जा रहा है। ऊखीमठ नगर क्षेत्र से लेकर मद्महेश्वर घाटी एवं तुंगनाथ घाटी के पशुपालक अपने पशुओं के इलाज के लिए यहीं आते हैं। उसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि भूमि उपलब्ध न होने के कारण चिकित्सालय का नव निर्माण नहीं हो पाया है। पशुपालक प्रकाश वर्मा एवं राकेश चन्द्र ने बताया कि पशु चिकित्सालय उचित जगह पर न होने के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिला मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अशोक कुमार का कहना है कि चिकित्सालय के निर्माण के लिए भूमि की तलाश की जाएगी। उसके बाद शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। (एजेंसी)

## अक्तूबर में शुरू हो चीनी मिलों का पेराई सत्रः उकिमो

रुड़की। उत्तराखंड किसान मोर्चा ने कहा है कि जिले में अब शत प्रतिशत पैदावार अगेती प्रजाति के ही गन्ने की हो रही है। इसे देखते हुए तीनों चीनी मिलों में नया पेराई सत्र अक्तूबर से शुरू कराया जाना चाहिए। मोर्चा के जिलाध्यक्ष महकार सिंह ने गन्ना मंत्री और गन्ना आयुक्त को पत्र भेजकर बताया है कि एक दशक पहले हरिद्वार में 25 फीसदी अगेती और बाकी 75 फीसदी सामान्य प्रजाति का गन्ना होता था। अगेती प्रजाति के गन्ने की लंबाई और वजन ज्यादा होने की वजह से किसानों ने सामान्य प्रजाति के गन्ने की बुआई धीरे धीरे कम कर दी है।

## एनसीसी की नई भर्ती सम्पन्न

हरिद्वार। 31वीं बटालियन एनसीसी के ए प्रमाणपत्र के लिए छात्र–छात्राओं का चयन किया गया।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी ग्राम उदयरामपुर नयाबाद, पट्टी मोटाढ़ाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड के खाता संख्या 006 में मेरे चार भाईयों द्वारा अपने हक-हिस्से की अधिकांश भूमि विक्रय कर दी है। उक्त भूमि पर विभिन्न न्यायालयों में वाद लम्बित चल रहें है। उक्त भूमि में वाद लम्बित रहने तक कोई भी खरीदार व्यक्ति उक्त भूमि को खरीद फरोख्त न करें। वरना खरीदार स्वयं जिम्मेदार होगें। सूचना जाने।

**गिरीश चन्द्र पुत्र महेन्द्र प्रताप निवासी ग्राम उदयरामपुर नयाबाद, पट्टी मोटाढ़ाक, तहसील कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड, पिन कोड-246149.**



**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल का प्रमाण पत्र वर्ष 2020-21 अनुक्रमांक 21067620 दिनांक 10/08/2023 को स्थान कोटद्वार में कहीं खो गया है। जो काफी ढूढ़ने पर भी नहीं मिल रहा है।

**हिमांशी जोशी पुत्री गीताराम जोशी निवासी ग्राम खूनीबड़, पट्टी मोटाढाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1244/21)


# छात्रों ने किया प्रदर्शन, पूर्व की भांति प्रवेश देने की उठाई मांग

टिहरी : केंद्रीय विवि एसआरटी परिसर बादशाहीथौल में छात्रों ने विवि कुलपति के खिलाफ प्रदर्शन किया।

उन्होंने विवि प्रशासन पर जानबूझकर छात्रों को प्रवेश हेतु सीयूटी परीक्षा थोपे जाने की बात कही। छात्रों ने पूर्व की भांति मेरिट के आधार प्रवेश की मांग उठाई।

शनिवार को केंद्रीय विवि के एसआरटी परिसर बादशाहीथौल के छात्रों ने परिसर के मुख्य गेट पर विवि कुलपति के पुतले के साथ नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित सजवाण ने कहा कि विवि प्रशासन की ओर से छात्रों पर प्रवेश के लिये सीयूटी थोपा जा रहा है, जिसके कारण अधिकांश छात्र प्रवेश पाने से वंचित रह रहें हैं। कहा कि विवि के कुलपति की हठधर्मिता के कारण से सीयूटी की परीक्षा हो रही है। छात्रों के प्रवेश के लिये सीयूटी की परीक्षा इतनी दूर आयोजित की जाती है, विषम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण छात्र परीक्षा देने नहीं जा पाते हैं, और प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। कहा विवि की कुलपति की हठधर्मिता का परिणाम छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने विवि कुलपति से पूर्व की भांति मेरिट के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिने की मांग की। कहा उनकी मांग पर जल्द सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है, छात्रों को आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा। छात्रों ने परिसर निदेशक के माध्यम से कुलपति को ज्ञापन भी भेजा। मांग करने वालों में सचिन सजवाण, गोतम मखलोगा, अंशुल भंडारी, नितीश कोठारी, नम्रता मखलोगा राजवीर नेगी, अमन सुयाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# स्वयंसेवक घर—घर जाकर डेंगू के प्रति जागरूक करेंगे

रुड़की। स्वास्थ्य विभाग ने शहर में डेंगू बीमारी से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी है। इस बार शासन ने नई व्यवस्था के तहत स्वयंसेवक और आशा कार्यकर्ता को इस बीमारी के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी दी है। स्वयंसेवक और आशा कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के उपाय बताएंगे।

रुड़की नगर क्षेत्र में डेंगू धीरे–धीरे फैल रहा है। यहां पिछले तीन दिनों में तीन पुलिस कर्मियों समेत पांच डेंगू मरीज सामने आए थे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जहां रुडकी के संयुक्त अस्पताल में डेंगू के उपचार की समुचित व्यवस्था की गई है, वहीं शासन ने इस बार एक और नई व्यवस्था लागू की है।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह ने बताया कि इस बार डेंगू स्वयंसेवक नियुक्त किए गए हैं। यह व्यवस्था केवल नगरीय क्षेत्रों में है। यह स्वयंसेवक घर–घर जाकर लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं।

प्रचार सामग्री वितरित करने के साथ घरों में जाकर निरीक्षण कर रहे हैं। अगर कहीं पानी जमा है तो उसे निस्तारित भी करवा रहे हैं। इसके साथ ही डेंगू के लक्षण दिखने पर चिकित्सकों से संपर्क कर विधिवत जांच कराने की भी सलाह दे रहे हैं। रुड़की के संयुक्त अस्पताल में डेंगू के मरीजों के लिए 6 बेड का वार्ड बनाए जाने की भी डॉ. गुरनाम सिंह ने जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर डेंगू के प्रति जागरूकता करने का जिम्मा आशा कार्यकर्ताओं को भी सौंपा गया है। नगरीय क्षेत्र में डेंगू वॉलिंटियर्स और आशा कार्यकर्ता मिलकर काम कर रहे हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह जिम्मेदारी केवल आशा कार्यकर्ताओं को सौंपी गई है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच कनखल में तीन धर्मस्थल तोड़े

हरिद्वार। पुलिस और प्रशासन की टीम ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कनखल थाना क्षेत्र से तीन धर्मस्थल हटाए। दो धर्मस्थलों पर कार्रवाई के दौरान आसपास के रास्तों को बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया।

करीब तीन घंटे तक धार्मिक स्थलों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। पुलिस की भारी भीड़ को देखते हुए किसी भी तरह का कोई विरोध मौके पर नहीं हुआ। शनिवार सुबह दस बजे टीम ग्राम जमालपुर कलां में पहुंची। एडीएम प्रशासन पीएल शाह, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार, एसडीएम अजय वीर सिंह, नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। राजकीय प्राथमिक विद्यालय जमालपुर कलां में एक धर्मस्थल बना था, जिसकी चारदीवारी की गई थी। टीम ने जेसीबी की मदद से इसे ध्वस्त किया। इसके बाद पूरा अमला जगजीतपुर में आंबेडकर पार्क के सामने कॉलोनी में पहुंचा। जहां कॉलोनी में बने दो धर्मस्थलों को हटाया गया। सुबह 10 बजे से एक बजे तक कार्रवाई चलती रही।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

[illegible]

| | |
|---|---|
| 1. | टेंडर सं. [illegible] S-T-GSU-MB-01-2023-24 दिनांक 17.08.2023 |
| 2. | कार्य का नाम "Provision of Double Distant in connection with DFC feeder route (AMG Ex-Road) over Moradabad Division." [illegible] (AMG Ex-Road) [illegible] |
| 3. | कार्य पूरा करने की अवधि: 10 (दस) माह |
| 4. | विज्ञापित मूल्य (रु.): 13,21,77,872.84/- [illegible] |
| 5. | अग्रिम राशि (रु.): 8,10,900/- [illegible] |
| 6. | [illegible] |
| 7. | ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख [illegible] www.ireps.gov.in [illegible] |
| 8. | [illegible] www.ireps.gov.in [illegible] |

- [illegible] www.ireps.gov.in [illegible]
- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- [illegible]

सं. Dy.CSTE/GSU/MB/Publication-01/23-24 दिनांक 18.08.2023 2567/23

[illegible]



**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल प्रमाण पत्र में मेरा नाम रश्मि पुत्री जगदम्बा प्रसाद अंकित है तथा आधार कार्ड में आईशा रंगरेज पत्नी अहसान रंगरेज अंकित है। जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम आईशा रंगरेज पत्नी अहसान रंगरेज है। उक्त दोनों नाम एक ही महिला के है, यानि मेरे ही नाम है। अतः मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम आईशा रंगरेज पत्नी अहसान रंगरेज के नाम से जाना/पहचाना जाता है।

**रश्मि रंगरेज पत्नी अहसान रंगरेज निवासी बदरीनाथ मार्ग नियर पीएनबी कोटद्वार, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1243/21)


## हरे कृष्णा केयर्स फाउंडेशन ने फलदार और औषधीय पौधे बांटे

हरिद्वार। हरे कृष्णा केयर्स फाउंडेशन ने पौधरोपण किया। तीन सप्ताह तक फलदार और औषधीय पौधों के वितरण के लिए कार्यक्रम चलाया।

इस अवसर पर संस्था के निदेशक नवीन वैष्णव ने बताया कि हरियाली, सुख तथा समृद्धि का प्रतीक है। जी एक्स इंडिया लि. के निदेशक मगन स्वरूप ने बताया कि हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका वृक्ष बनने तक संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए।

# स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने संस्था की अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन किया



रुड़की। स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की अर्धवार्षिक बैठक में अधिकारियों ने उद्यमियों की समस्याओं और सुझावों को सुनकर उनका समाधान कराया। इस दौरान सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। एक होटल में आयोजित बैठक में श्रम, कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा निगम से जुड़े अधिकारियों ने उद्यमियों की समस्याएं सुनी। उद्यमी केतन भारद्वाज ने अधिकारियों को उद्योगों से जुड़ी समस्याएं बताई। डिप्टी लेबर कमिश्नर उमेश चंद राय ने विभाग से जुड़ी जानकारी साझा कर उनकी समस्याओं के समाधान की बात कही।

ललित मोहन शर्मा ने कर्मचारी राज्य बीमा योजना से जुड़ने के बाद श्रमिकों को होने वाले लाभ की जानकारी दी। उन्होंने श्रमिकों को इस योजना से जोड़ने पर जोर दिया। शशांक सिंह ने कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़ी जानकारी उद्यमियों से साझा की। समाजसेवी अनूप नौटियाल ने उद्यमियों को जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियां के बारे में बताया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. 76-W2/3/WA/Publication दिनांक : 19.08.2023

[illegible] www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 105-DRM-MB-23-24 dt. 19.08.2023 | 132-DRM-MB-23-24 dt. 19.08.2023 |
|---|---|---|
| Name of work | Extension/Augmentation of running room MB by construction of 30 new rooms attached with toilets and bathrooms & 2 store rooms, provisioning of AC system in every room | Miscellaneous activities of track works in Moradabad Yard and urgent repair of Line No. 1 and 6 (Washable apron) at Moradabad railway station under ADEN/HQ/MB. Estimate No. 197/2023 & 188/2023 (Revenue). |
| Tender Closing Date Time | 14.09.2023 16:00 | 14.09.2023 16:00 |
| Advertised Value (Rs.) | 17796608.37 | 0989687.65 |
| Earnest Money (Rs.) | 238800.00 | 200000.00 |
| Bidding Start Date | 31.08.2023 | 31.08.2023 |
| Period of Completion | 6 Months | 12 Months |

2582/23

[illegible]


# रुड़की पहुंचे असम के पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी, स्वामी यतींद्रानंद गिरी से लिया आशीर्वाद



रुड़की। असम के पूर्व राज्यपाल जगदीश मुखी ने परिवार सहित श्री जीवनदीप आश्रम में पहुंचकर महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज से आशीर्वाद लिया। उनकी महाराज से विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। पूछे जाने पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मणिपुर की हिंसा दो समुदायों के बीच आपसी मनमुटाव का मामला है। इसमें सरकार की कोई गलती नहीं रही है लेकिन अब सब कुछ सामान्य हो गया है। उन्होंने कहा कि कई साल पहले तक पूर्वोत्तर में दिक्कतें थीं लेकिन अब सब कुछ सामान्य स्थिति में है।

## देवभूमि जागृति मंच उत्तराखंड ने की बैठक

रुड़की।देवभूमि जागृति मंच के डाडा जलालपुर कार्यालय पर हुई बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। संगठन के संस्थापक और प्रदेश अध्यक्ष रजनीश सैनी ने प्रदेश महासचिव आशीष सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी जयदीप धीमान, प्रदेश सचिव सुविज्ञ सैनी, प्रदेश संगठन मंत्री सचिन सैनी, और प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी जितेंद्र सैनी को जिम्मेदारी सौपी गई। बताया कि जल्दी ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर जिला अध्यक्ष और जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

## एनएसयूआई के महानगर अध्यक्ष बनने पर वर्मा का स्वागत किया

हरिद्वार। भीमगोड़ा निवासी याज्ञिक वर्मा को एनएसयूआई का महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। मायापुर स्थित भवन में कांग्रेसियों ने याज्ञिक वर्मा का स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग ने वर्मा को बधाई देते हुए कहा उनकी नियुक्ति से छात्रों के संघर्ष को बल मिलेगा।

# हिंदू जागरण मंच का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

रुड़की।हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को नगर के चंद्रशेखर चौक के पास सरकार का पुतला जलाकर प्रदर्शन किया। इस मौक पर वक्ताओं ने आरोप लगाया कि काफी समय पहले देहरादून के डालनवाला स्थित एमडीडीए कॉलोनी में अवैध रूप से एक धर्मस्थल के संचालन को लेकर लोगों की तरफ से आपत्ति की गई थी। जिस पर एमडीडीए प्रशासन को उक्त अनाधिकृत धार्मिक स्थल को सील करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन एमडीडीए के सचिव ने कार्रवाई करने के बजाय धर्मस्थल के संचालकों से शपथ पत्र लेकर उन्हें कुछ समय दे दिया। वक्ताओं ने कहा कि इस बारे में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने एमडीडीए के सचिव को निलंबित करने और अनाधिकृत धर्मस्थल को सील करने की मांग को लेकर सरकार को 18 अगस्त तक का समय दिया था। लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिस कारण अब मंच के कार्यकर्ताओं को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर 24 अगस्त तक इस मामले में दोनों मांगों को पूरा नहीं किया गया तो हिंदू जागरण मंच के प्रदेशभर के कार्यकर्ता 25 अगस्त को उत्तराखंड सचिवालय का घेराव करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में प्रदीप वर्मा, जिला संपर्क प्रमुख जोध सिंह पुंडीर, जिला संयोजक अमित कुमार, अमित कश्यप, रोहित कुमार, सचिन कश्यप, पुनीत कुमार, विनीत कुमार, भानु प्रताप, संजीव पाल, शशि पाल, गौरव कुमार, प्रशांत कुमार, राजा कश्यप, देवेंद्र कश्यप समेत बड़ी संख्या में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 बैजरो**

E Mail ID::-eepwdbaijro01@gmail.com, eepwdbaijro@rediffmail.com, Fax & Phone No- (01348-267116)

पत्रांकः- 1376/17ए0सी0 दिनांक - 18/08/2023

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा लो0नि0वि0 उत्तराखण्ड राज्य में मार्ग कार्य के लिये पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 24.08.2023 से 06.09.2023 तक किसी भी कार्य दिवस (राजकीय अवकाश को छोड़कर) में प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों से निर्धारित शुल्क एवं मार्ग/भवन कार्य के लिये पंजीकृत की अधतन वैधता प्रमाण पत्र देकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 07.09.2023 की अपराहन 3:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों से प्राप्त कराये जा सकते है। बिलम्ब से पहुंचने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

1. अधीक्षण अभियन्ता 12वॉ वृत्त लो0नि0वि0 पौड़ी।
2. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0नि0 बैजरो
3. अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 पाबौ।
4. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, कीर्तिनगर।

निविदा अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 बैजरो के कार्यालय में दिनांक 08.09.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे टैण्डर खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (लाख ₹ में) | निविदा का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सहायक अभियन्ता प्रथम के अधीन विभिन्न मोटर मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य | 39000.00 | 1500+18% GST | 45 दिन | 03 माह | डी0 एवं उच्चतर मार्ग कार्य। |
| 2 | सहायक अभियन्ता द्वितीय के अधीन विभिन्न मोटर मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य | 60000.00 | 2000+18% GST | 45 दिन | 03 माह | --तदैव-- |
| 3 | सहायक अभियन्ता तृतीय के अधीन विभिन्न मोटर मार्गों में पैच मरम्मत का कार्य | 33000.00 | 1500+18% GST | 45 दिन | 03 माह | --तदैव-- |

नोट :- समस्त निविदादाता निविदा डालने से पूर्व शर्तों का अवलोकन खण्डीय कार्यालय में कराना सुनिश्चित करें।

(1246/69)

# मीडिया अगर साथ हो!

एक साथ इतने सारे मामलों के सामने आने के बावजूद ये गड़बड़ियां मुद्दा नहीं बनी हैं। इसका निहितार्थ साफ है। मुद्दा भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का नैरेटिव बनता है, जिसे निहित–स्वार्थी मीडिया अपने राजनीतिक रुझान और हितों के मुताबिक गढ़ता है।

दशक भर पहले नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्टों को लेकर मीडिया ने भ्रष्टाचार का ऐसा नैरेटिव बनाया था, जिससे तत्कालीन यूपीए सरकार की जमीन खिसक गई थी। उसमें कथित कोयला घोटाले संबंधी एक खबर तो ऐसी रिपोर्ट पर आधारित थी, जिसे सीएजी के अंदरूनी विचार–विमर्श के लिए तैयार दस्तावेज से उठा लिया गया था। उसके आधार पर आज भी संभवतः बहुत से लोग मानते हों कि वह कथित घोटाला दस लाख करोड़ रुपए का था, जबकि अपनी अंतिम रिपोर्ट में सीएजी उस मामले में प्रक्रियागत गड़बड़ियों के कारण सरकारी खजाने को एक लाख 86 हजार करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान होने की बात ही कह पाया। बहरहाल, अब एक के बाद एक कई घोटालों की तरफ सीएजी ने इशारा किया है, तो माहौल बिल्कुल खामोश है। सीएजी ने द्वारका एक्सप्रेस प्रोजेक्ट में लागत में अविश्वसनीय वृद्धि के कारण 6000 करोड़ रुपए अधिक खर्च होने और आयुष्मान योजना में एक ही मोबाइल नंबर पर एक करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान होने का खुलासा किया है।

अयोध्या विकास परियोजना में ठेकेदारों को करोड़ों रुपए का अनुचित भुगतान होने, भारत माता परियोजना में ठेका देने में गड़बड़ी किए जाने, गलत डिजाइन के कारण हिंदुस्तान एरॉनेटिक्स लिमिटेड को 159 करोड़ रुपए का नुकसान होने आदि के विवरण दिए हैं। लेकिन एक साथ इतने सारे मामलों के सामने आने के बावजूद ये गड़बड़ियां मुद्दा नहीं बनी हैं। इसका निहितार्थ साफ है। मुद्दा भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का नैरेटिव बनता है, जिसे निहित स्वार्थी मीडिया अपने राजनीतिक रुझान और हितों के मुताबिक गढ़ता है। यह बात 1970 के दशक के बिहार आंदोलन और कथित बोफोर्स घोटाले से बने सियासी माहौल के बारे में भी कही जा सकती है। आज हाल यह है कि हालिया खुलासों को अगर छोड़ दें, तब भी सिर्फ हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से ऐसा नैरेटिव बन सकता था, जिससे वर्तमान केंद्र सरकार के लिए सफाई दे पाना कठिन होता। मगर आज मेनस्ट्रीम मीडिया की सहानुभूति सरकार के साथ है, तो ऐसे तमाम मामले आम जन के दिमाग में दर्ज होने से रह गए हैं। नतीजतन, मौजूदा सरकार की ‘ईमादार’ छवि लगभग पहले की तरह कायम है।

# चुनाव आयोग का निष्पक्ष दिखना भी जरूरी

**अब केंद्र सरकार बिल लाकर सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को पलटने जा रही है। संसद के मानसून सत्र में ‘मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त विधेयक 2023’ पेश किया गया। यह कानून जिस रूप में पेश किया गया उसी रूप में पास होता है तब भी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की पुरानी व्यवस्था बदलेगी लेकिन साथ ही सुप्रीम कोर्ट की बनाई अस्थायी व्यवस्था भी बदल जाएगी। इस विधेयक के संसद से पास होकर कानून बनने के बाद तीन सदस्यों का एक पैनल चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करेगा, जिसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री होंगे। दूसरा सदस्य उनकी ओर से नामित एक अन्य कैबिनेट मंत्री होगा और तीसरा सदस्य लोकसभा में विपक्ष का नेता होगा। यानी दो सदस्य सरकार के होंगे और एक विपक्ष का। कहने की जरूरत नहीं है कि इस पैनल में फैसला हमेशा वही होगा, जो सरकार चाहेगी। पहले भी ऐसा ही होता था।**

**अजीत द्विवेदी**

एक जीवंत लोकतंत्र की पहली जरूरत यह होती है कि वहां चुनाव कराने वाली संस्था निष्पक्ष रहे और निष्पक्ष दिखे भी। इसी से चुनावों की शुचिता बनी रहती है और आम लोगों का चुनाव प्रक्रिया में भरोसा बना रहता है। लोकतंत्र की सफलता इस बात में निहित है कि आम नागरिक यह यकीन करे कि सरकार उसने चुनी है। जिस दिन यह विश्वास टूटेगा उस दिन चाहे कितना भी बड़ा लोकतंत्र क्यों न हो उसकी बुनियादी हिल जाएगी। पिछले कुछ समय से भारत में चुनाव आयोग की निष्पक्षता और उसकी स्वतंत्रता को लेकर कई तरह के सवाल उठे हैं। अपने ढंग से चुनाव आयोग ने उनका जवाब दिया है और लोगों के मन में मोटे तौर पर भरोसा बनाए रखा है। परंतु मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का जो नया बिल केंद्र सरकार लेकर आई है उससे सरकार की मंशा पर संदेह पैदा होता है।

हालांकि यह सही है कि पहले भी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति केंद्र सरकार करती थी और नए बिल के कानून बन जाने के बाद भी नियुक्ति का अधिकार सरकार के हाथ में ही रहेगी। यानी वास्तविक स्थिति में कोई बदलाव नहीं आने वाला है। फिर भी चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने एक अस्थायी व्यवस्था बना कर नया रास्ता दिखाया था तो सरकार का उस रास्ते से हटना संदेह को जन्म देता है।

सुप्रीम कोर्ट ने इसी साल दो मार्च को एक अहम फैसला सुनाया था और कहा था कि जब तक केंद्र सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का कानून नहीं बनाती है तब तक एक पैनल उनकी नियुक्ति करेगा, जिसमें प्रधानमंत्री, देश के चीफ जस्टिस और लोकसभा में नेता विपक्ष सदस्य होंगे। यह बिल्कुल उसी तरह की पैनल है, जो सीबीआई के निदेशक की नियुक्ति करती है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग में नियुक्ति का यह सिस्टम इसलिए बनाया क्योंकि पिछले साल नवंबर में अरुण गोयल को चुनाव आयुक्त नियुक्त करने के मामले में अच्छा खासा विवाद हो गया था।




आईएएस अधिकारी अरुण गोयल 30 नवंबर को रिटायर होने वाले थे। लेकिन उन्होंने 18 नवंबर को स्वैच्छिक रूप से रिटायर होने का ऐलान किया और अगले ही दिन यानी 19 नवंबर को केंद्र सरकार ने उनको चुनाव आयुक्त नियुक्त कर दिया था। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर 2015 में दायर एक याचिका पर सुनवाई के क्रम में अदालत के सामने यह मुद्दा भी आया और तब सर्वोच्च अदालत ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए थे। अदालत ने टिप्पणी की थी कि ‘बिजली की रफ्तार’ से चुनाव आयुक्त नियुक्त कर दिया गया। सर्वोच्च अदालत ने यह भी पूछा था कि सर्च कमेटी, कैबिनेट की सिफारिश आदि जिन औपचारिकताओं का हवाला केंद्र सरकार नियुक्तियों में देती है उनका पालन एक दिन के भीतर कैसे हो गया और वह सही तरीके से हुआ भी या नहीं? इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मार्च में फैसला सुनाते हुए अरुण गोयल की नियुक्ति तो रद्द नहीं की लेकिन नियुक्ति की एक अस्थायी व्यवस्था कर दी।

अब केंद्र सरकार बिल लाकर सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को पलटने जा रही है। संसद के मानसून सत्र में ‘मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त विधेयक 2023’ पेश किया गया। यह कानून जिस रूप में पेश किया गया उसी रूप में पास होता है तब भी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की पुरानी व्यवस्था बदलेगी लेकिन साथ ही सुप्रीम कोर्ट की बनाई अस्थायी व्यवस्था भी बदल जाएगी। इस विधेयक के संसद से पास होकर कानून बनने के बाद तीन सदस्यों का एक पैनल चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करेगा, जिसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री होंगे। दूसरा सदस्य उनकी ओर से नामित एक अन्य कैबिनेट मंत्री होगा और तीसरा सदस्य लोकसभा में विपक्ष का नेता होगा। यानी दो सदस्य सरकार के होंगे और एक विपक्ष का। कहने की जरूरत नहीं है कि इस पैनल में फैसला हमेशा वही होगा, जो सरकार चाहेगी। पहले भी ऐसा ही होता था। सवाल है कि यह कानून लाने की इतना जल्दी क्या थी? अगले साल फरवरी में तीन में से एक चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय रिटायर होंगे और उनकी जगह नई नियुक्ति करनी होगी। क्या सरकार नहीं चाहती है कि उस समय नियुक्ति समिति में मौजूदा चीफ जस्टिस सदस्य रहें?

बहरहाल, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का जो पुराना सिस्टम चला आ रहा था वह भी परफेक्ट नहीं था और उसे लेकर हमेशा विवाद रहा। तभी 2012 में भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने तब की मनमोहन सिंह सरकार को चिट्ठी लिख कर अपील की थी कि पांच सदस्यों की एक कमेटी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करे और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस उस कमेटी के अध्यक्ष हों। लेकिन मनमोहन सिंह की सरकार ने उस पर ध्यान नहीं दिया और न बाद में आडवाणी की पार्टी की सरकार ने उस पर ध्यान दिया। उनके सुझाव पर आंशिक रूप से सुप्रीम कोर्ट ने ध्यान दिया और प्रधानमंत्री, चीफ जस्टिस व नेता विपक्ष की कमेटी बनाने का आदेश दिया। अब केंद्र सरकार इस कमेटी में से चीफ जस्टिस को हटा रही है और उनकी जगह एक केंद्रीय मंत्री को रख रही है। इसी से सरकार की मंशा पर सवाल खड़े होते हैं।

आखिर सरकार को क्यों ऐसी कमेटी बनानी है, जिसमें उसका बहुमत हो? इस मामले में निष्पक्ष कमेटी क्यों नहीं बनाई जा सकती है? आखिर पैनल के सामने जो नाम लाए जाएंगे वो नाम तो भारत सरकार के अधिकारियों के ही होंगे और सरकार ही उनका पैनल बना कर समिति के सामने रखेगी, जैसे सीबीआई के निदेशक की नियुक्ति में किया जाता है, फिर क्यों कमेटी में सरकार को अपना बहुमत चाहिए?

क्या कभी किसी ने सुना है कि सीबीआई के निदेशक की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने अड़ंगा लगा दिया और इस वजह से वह व्यक्ति सीबीआई निदेशक नहीं बन सका, जिसे सरकार बनाना चाहती थी? ऐसा कभी नहीं हुआ है। हर बार सरकार अपनी पसंद से नाम पैनल के सामने ले जाती है और अपनी पसंद के व्यक्ति को सीबीआई निदेशक नियुक्त कराती है।

फिर चुनाव आयुक्तों के मामले में ऐसी व्यवस्था क्यों काम नहीं कर सकती है? जाहिर है सरकार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मामले को संयोगों के हवाले नहीं छोड़ना चाहती है। इसलिए चीफ जस्टिस को हटा कर एक केंद्रीय मंत्री को उसमें रखने का बिल लाया गया है।

# जानें कितने घंटे की नींद है आपके लिए काफी, महिलाओं को सोना चाहिए पुरुषों से ज्यादा



नींद आना और न आना हमारे हाथ में नहीं है लेकिन कुछ आदतों में सुधार कर पर्याप्त नींद ली जा सकती है.बच्चों को नींद ज्यादा आती है तो वहीं बुजुर्गों को नींद ही नहीं आती है. ऐसे में हर किसी के मन में यह सवाल उठता है कि आखिर कार किस उम्र के व्यक्ति को कितने घंटे सोना चाहिए. असल में किसे कितने घंटे सोना चाहिए यह उसके उम्र पर निर्भर करता है. अगर आप अपनी उम्र के अनुसार नींद नहीं ले रहें हो तो आप बीमार भी पड़ सकते हैं. ऐसे में यह जाना जरूरी है कि आपको कितने घंटे सोना चाहिए.

नेशनल स्लीप फाउंडेशन के अनुसार 0 से 3 महीने के बच्चों के 14 से 17 घंटे सोना चाहिए. 4 से12 महीने के बच्चों के 12 से 16 घंटे सोना चाहिए.

1 से 2 साल के बच्चों को 11 से 14 घंटे सोना चाहिए. 3 से 5 साल के बच्चों को 10 से 13 घंटे सोना चाहिए. 6 से 9 साल का बच्चों को 9 से 12 घंटे सोना चाहिए. 14 से 17 साल के बच्चों को प्रतिदिन लगभग 8–10 सोना चाहिए. अंत में युवाओं को 7 से 9 घंटे की नींद लेनी चाहिए. तो, 65 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को प्रतिदिन 7–8 घंटे की नींद लेनी चाहिए.

महिलाओं को लेनी चाहिए ज्यादा नींद

नेशनल स्लीप फांउडेशन के शोध की मानें तो टीनएज गर्ल्स को 8 से 10 घंटे की नींद की आवश्यकता होती है. वहीं 24 से लेकर 64 साल की महिलाओं को दिन में सात घंटे की नींद अवश्य लेनी चाहिए. एक रिसर्च में ये पाया गया है कि महिलाओं को पुरूषों के मुकाबले ज्यादा नींद की ज़रूरत होती है. हर महिला को पुरूष से 20 मिनट ज्यादा सोना चाहिए.

# सूंघने की क्षमता खोना बड़े खतरे की आहट! इन बीमारियों की शुरुआत के हो सकते हैं संकेत

क्या आपकी सूंघने की कैपिसिटी कमजोर पड़ रही है? अगर आपका जवाब हां है तो वक्त आ गया है कि सतर्क हो लिया जाए. ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि सूंघने की क्षमता खोना गंभीर बीमारियों की चपेट में आने का एक संकेत भी हो सकता है. हाल ही में हुए एक शोध में यह पाया गया है कि अगर किसी व्यक्ति की सूंघने की क्षमता प्रभावित हो रही है तो हो सकता है कि उसे अल्जाइमर और डिमेंशिया की बीमारी हो. सूंघने की कैपिसिटी खोना डिप्रेशन का भी एक संकेत हो सकता है.

एक अध्ययन में पाया गया है कि व्यक्ति की सूंघने की कैपिसिटी जितनी ज्यादा खराब होती है, उतनी ही खराब उसकी मेंटल हेल्थ भी होती है. ऐसा नहीं है कि सूंघने की क्षमता कमजोर पडने़ से डिप्रेशन का खतरा रहता है. लेकिन इतना जरूर है कि ये किसी के डिप्रेशन में होने का संकेत हो सकता है.

सूंघने की कैपिसिटी खोना हमारे स्वास्थ्य को कई मायनों में प्रभावित करता है. अगर आप कभी–भी ये लक्षण अपने शरीर में महसूस करें तो बिल्कुल नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से अपनी जांच कराएं.

स्मैल करने कैपिसिटी का खोना अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव डिज़ीज़ की शुरूआत होने का वार्निंग सिग्नल हो सकता है. एनएचएस कहता है कि पीड़ित लोग जितनी जल्दी डॉक्टर से हेल्प लेंगे, उतनी ही जल्दी उन्हें ठीक होने में मदद मिलेगी. ऐसे बहुत से लोग हैं जो डिप्रेशन से जूझ रहे होते हैं, लेकिन डॉक्टर से मदद नहीं लेते.

आपको शरीर में किसी भी तरह के असामान्य लक्षण दिखाई दें तो डॉक्टर के पास जाने में बिल्कुल देरी ना करें. क्योंकि देरी करने से आपकी जान खतरे में पड़ सकती है.

# हिमंवत के चितेरे कवि चन्द्र कुँवर बर्त्वाल

**हेमंत चौकियाल**
**(स०अ०)**
**रा0उ0प्रा0वि0डाँगी गुनाऊँ**
**अगस्त्यमुनि (रूद्रप्रयाग)**
**उत्तराखंड**

चन्द्रकुँवर बर्त्वाल का जन्म (जिनका वास्तविक नाम कुँवर सिंह बर्त्वाल था) 20 अगस्त 1919 को उत्तराखंड के अगस्त्यमुनि तीर्थ के नजदीक तत्कालीन गढ़वाल जनपद ( जो 1962 में चमोली जिला बना )के पट्टी तल्ला नागपुर के मालकोटी गाँव (अब जनपद रुद्रप्रयाग) में हुआ था। ठाकुर भूपाल सिंह बर्त्वाल के दो पुत्र कुँवर सिंह (चन्द्रकुंवर), जयकृत सिंह तथा तीन पुत्रियाँ कुँवरी, आनन्दी व सत्यवती थी। पिता श्री भूपाल सिंह बर्त्वाल उडामांडा के नजदीक एंग्लो इण्डियन वर्नाक्यूलर मिडिल स्कूल नागनाथ के प्रधानाध्यापक थे।दो वर्ष की अवस्था में सन 1921में बालक कुँवर सिंह माता–पिता के साथ नागनाथ आ गये। तीन वर्ष की अवस्था में बालक कुँवर सिंह का अक्षरारंभ घर पर ही प्रारंभ हुआ। कक्षा 1से तीन तक की पढ़ाई घर पर ( नागनाथ) में ही हुई । कक्षा 4 व 5 की पढ़ाई के लिए प्राथमिक शिक्षा उडामांडा में ही भर्ती किये गये। 11वर्ष की अवस्था में कक्षा 7 उत्तीर्ण किया। माता का नाम श्रीमती जानकी देवी था। 31मार्च 1941 को लैन्सडाउन से प्रकाशित 31मार्च 1941के कर्मभूमि के अंक में ह्लघराटह्व और ह्लस्मरणह्व कविताओं के साथ सर्वप्रथम उनका नाम चन्द्रकुँवर बर्त्वाल छपा। यद्यपि कर्मभूमि के उक्त अंक के पश्चात भी कुछ कविताओं के साथ उनका नाम कुँवर सिंह बर्त्वाल ही छपता रहा। इससे पूर्व भी पौड़ी से प्रकाशित क्षत्रियवीर (1934–35) अंकों में भी उनका नाम कुँवर सिंह बर्त्वाल ही छपता रहा।

नागनाथ से मिडिल स्कूल में पढ़ने के दौरान ही 13वर्ष की उम्र में उन्होंने अपनी पहली कविता ह्लपुरातनह्व लिख ली थी। 12पंक्तियों की यह कविता इस प्रकार थी–

**ये बाँज पुराने पर्वत—से/**
**यह हिम—से ठंडा पानी/**
**ये फूल लाल संध्या से भी***
**इनकी यह डाल पुरानी।/**
**इस खग का स्नेह काफलों से/**
**इसकी कूक पुरानी/**
**पीले फूलों में काँप रही/**
**पर्वत की जीर्ण जवानी।/**
**इस महा पुरातन नगरी में/**
**महाचकित यह परदेशी/**
**अनमोल रूख, झँपती झुरमुट/**
**गुंजार अमोल पुरानी।**

हाई स्कूल की शिक्षा लेने के लिए तत्कालीन समय में पहाड़ में दो ही विद्यालय थे, एक कांसखेत में और दूसरा पौड़ी का मेसमौर हाई स्कूल। अतः पिता ने बालक चन्द्रकुँवर को चाचा पूरण सिंह बर्त्वाल के साथ पौड़ी भेज दिया जो बन्दोबस्त कार्यालय में सेवारत थे। सन 1932 में मिशन स्कूल चोपड़ा में चन्द्रकुँवर को भर्ती कर दिया गया। यहीं 17 दिसम्बर 1932 को कवि का शम्भु प्रसाद बहुगुणा जैसे अभिन्न मित्र से परिचय हुआ। यह मित्रता इतिहास की उन चुनिंदा मित्रताओं में से एक है जिसे युगों युगों तक श्रद्धा के साथ याद रखा जायेगा। पौड़ी से हिमालय का जो विस्तृत व विहंगम दृश्य दिखाई देता है उसने और मित्र शंभु प्रसाद बहुगुणा के प्रोत्साहन ने इन्हे वास्तविक कवि बनाया। पौड़ी प्रवास में उन्होंने ह्लओ प्रभातह्व जैसी श्रेष्ठतम कविता लिखी। यहीं पर उन्होंने पौड़ी देवी–दानवी, पौड़ी की रामलीला, छाया–समुद्र गुप्त विजय आदि गद्य रचनाएं भी यहीं लिखी गई। पौड़ी से निकलने वाली कुछ पत्रिकाओं जैसे ह्लक्षत्रिय वीरह्व और ह्लनवप्रभातह्व में भी कुछ रचनाएँ प्रकाशित हुई। सन 1935 में चन्द्रकुँवर ने हाई स्कूल विज्ञान वर्ग द्वितीय श्रेणी में पास किया। तब मिडिल के इम्तिहान श्रीनगर में होते थे, यहाँ कांसखेत, मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक जयानंद थपलियाल के सुपुत्र बुद्धि बल्लभ , जो प्रशिक्षार्थी थे, से कवि का परिचय हुआ इसी परिचय के दौरान तय हो गया कि परीक्षाफल के बाद दोनों इण्टर की पढ़ाई देहरादून से करेंगे।

7 जुलाई 1935 को दोनों ने डी०ए०वी० कॉलेज में प्रवेश ले लिया। 20 जुलाई 1935 को उन्होंने अपनी डायरी में रसिक उपनाम से एक लम्बी कविता लिखी काफल पाक्कू देहरादून के प्राकृतिक वातावरण का चन्द्रकुँवर पर बहुत प्रभाव पड़ा, क्योंकि तब देहरादून का वातावरण भी पहाड़ जैसा ही था, यहीं पर रहते हुए चन्द्रकुँवर अपने कवि के वास्तविक रूप में आये। इसी प्रवास में मेघ, देहरादून, पृथ्वीरुदन, काफल पाक्को, मेघलोचन जैसी श्रेष्ठ रचनायें 16वर्ष की उम्र में रची गयी।1935 तक उनकी 25 से अधिक कविताएं विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में छ्प चुकी थी। पौड़ी में लिखी गई उनकी अधिकांश कविताएं अप्राप्य हैं, जिन्हे उनके तत्कालीन सहपाठियों से जानकारी प्राप्त कर इकट्ठा करने का प्रयास जारी है। 17वर्ष की उम्र में 1937 में कवि ने इन्टमीडिएट पास कर लिया। बी०ए०करने के लिए चन्द्र कुँवर इलाहाबाद विश्व विद्यालय चले गए। उन दिनों इलाहाबाद हिन्दी साहित्य का गढ़ था तथा अच्छा साहित्यिक वातावरण भी था। इसके साथ साथ कवि को पूंजीवादी युग महानगरीय बोध का भी परिचय मिला। सामाजिक ढाँचा और उसके सम्बन्धों से उपजी विषमताओं से भी कवि का परिचय हुआ तो कवि हृदय ने अपना विद्रोह शब्दों में उतारा। अब चन्द्रकुँवर केवल प्रकृति के ही नहीं बल्कि सामाजिक विद्रूपताओं के भी कवि बन गये। इसी समय में उन्होंने चूहा बिल्ली कविता लिखी जो 7 अगस्त 1939 को कर्मभूमि में छपी तथा बाद में विशाल भारत ने भी इसे छापा। यह सामाजिक व्यंग्य की कविता है। इसी काल खण्ड में उनके पिता श्री भूपाल सिंह का भी निधन हो गया। उनकी माता का निधन 1966 में हुआ।

इसी समय उनमें तपेदिक के प्रारंभिक लक्षण भी प्रकट हुये। 1939के आखिर में चन्द्रकुँवर अस्वस्थ हो गये। शम्भु प्रसाद बहुगुणा इलाहाबाद आये और उनका इलाज करवाया फिर उनको लखनऊ लाये, इलाज के बाद फिर लखनऊ से इलाहाबाद वापस छोड़ा। सन 1939 में बी०ए० किया। अब चन्द्र कुँवर बर्त्वाल अपने पैतृक गाँव मालकोटी वापस जाने के बजाय पिता द्वारा खरीद किये गये पवांलिया के घर में रहने चले गये। यहाँ साहित्य साधना चलती रही। इसी काल खण्ड में उन्होंने ह्लप्रेमह्व पर आधारित कविताएं लिखी।

स्वास्थ्य में कुछ सुधार होने पर आगे पढ़ने की इच्छा बलवती होने और प्राचीन भारतीय इतिहास में गहरी रुचि होने के कारण उन्होंने 1941में लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास (एम०ए०) में प्रवेश लिया।लखनऊके डालीगंज में साकेत निवास में चन्द्रकुँवर, शम्भु प्रसाद बहुगुणा एवं जसवन्त सिंह नेगी एक साथ रहते थे। इसी साकेत निवास में उन्होंने गीत माधवी, वीणा नन्दिनी, पावस गीत, यम यशोगान, हिमालय कविता सहित लखनऊकविता की रचना की। लखनऊमें ही चन्द्रकुँवर का परिचय सूर्य कांत त्रिपाठी निराला से हुआ। दोनों का निवास भी बहुत दूर नहीं था अतः मुलाकातें बढ़ती रही। ह्लनिरालाह्व ने ही उनका नामकरण कुँवर सिंह बर्त्वाल से चन्द्रकुँवर बर्त्वाल किया, ऐसा माना जाता है कि पहले सूर्यकांत त्रिपाठी का नाम भी सुर्ज कुमार था लेकिन कवि के रूप में उन्होंने अपना नाम सूर्य कांत त्रिपाठी ह्लनिरालाह्व रख लिया। तो निश्चित ही दोनों के बीच कभी बातचीत में यह मुद्दा आया हो तो कुँवर सिंह बर्त्वाल भी चन्द्रकुँवर बर्त्वाल बन गये। क्योंकि 1941में ही घराट कविता में भी उनका यही नाम उभर कर उन्ही दिनों आता है।

हिमालय, गीत–माधवी, रोहिणी, बीजाणंद, पावस, गीत, ऋतुओं सम्बन्धी रचनाएं, यम यशोगान व्यंग्य कविताएं अनेक कहानियां, निबंध,विभिन्न प्रबुद्ध जनों को लिखे गये (स्मृति) पत्र लखनऊऔर पवांलिया की ही उपज हैं।

दिसंबर 1941के अंत में चन्द्रकुँवर पुनः अस्वस्थ रहने लगे।उनके चाचा नरेंद्र सिंह उन दिनों ऊखीमठ में पटवारी थे तो चन्द्र कुँवर ऊखीमठ चिकित्सालय में भी स्वास्थ्य लाभ लेते रहे। 1942 में ही चाचा नरेन्द्र सिंह की पहली पत्नी गैणी देवी का निधन हो गया, ये चन्द्र कुँवर की बहुत प्रिय थी। श्रीमती गैंणी देवी के निधन से भी उन्हें गहरा आघात लगा। वे पुनः अस्वस्थ हो गये।

लखनऊके डॉ० हरगोविंद चिकित्सालय में उपचार किया, 16 मार्च 1942 को चाचा पूरण सिंह लखनऊ पहुँचे, तथा चन्द्रकुँवर को भंवाली टी०बी० सेंटर ले गये। भंवाली सेनेटोरियम से छुट्टी मिलने के बाद चन्द्रकुँवर हरिद्वार आये। हरिद्वार में उन्होंने की व्यंग्य कविताएं, प्रेम गीत व मृत्यु सम्बन्धित कविताओं की रचना की। 1942 में चन्द्रकुँवर गांव आ गये।

1943 में अगस्त्यमुनि में स्कूल की स्थापना की।

1944 में एक बार फिर उन्हे चमोली अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। 1945 में बहुत जादा अस्वस्थ होने पर अपने सहपाठी बुद्धि बल्लभ थपलियाल को बुलाकर प्रधानाचार्य पद सौंपा और स्वयं पंवालिया (भीरी) चले गए। 1945–46 में कवि को दो बार ऊखीमठ चिकित्सालय में भर्ती किया गया। ऊखीमठ की चढ़ाई कवि के लिए बहुत कष्टकारी साबित होने से वे वापिस पंवालिया ही आ गये। यहाँ आकर चन्द्रकुँवर पूरी तरह से साहित्य साधना में संलग्न हो गये। उन्हें अब पूरी तरह यह विश्वास हो गया कि वे अब पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो सकते। इसी बीच उनके मित्र श्री शम्भु प्रसाद बहुगुणा ने 1945 में उनकी कुछ कविताओं को लेकर ह्लहिमवंत का एक कविह्व प्रकाशित कर दी थी,जिसके कारण कवि का परिचय हिन्दी साहित्य प्रेमियों को मिला।

1946 में ह्यनन्दिनीह्न नाम की उनकी पुस्तक का प्रकाशन भी श्री बहुगुणा ने करवाया। इस पुस्तक के प्रकाशन के बाद हिन्दी के तत्कालीन नामी लेखक चन्द्रकुँवर को लेकर उत्सुक तो हुए लेकिन, इधर चन्द्र कुँवर तपेदिक के प्रकोप से लगभग अछूत की सी स्थिति में आ चुके थे, अतः साहित्य प्रेमियों से उनकी जान पहचान न हो सकी। पत्राचार से ही तत्कालीन कुछ कवियों से उनका सम्पर्क बना।

## 27जनवरी 1947को उन्होंने कथाकार यशपाल को पत्र लिखते हुए बताया

प्रिय,
यशपाल जी,

अत्यन्त शोक है कि मृत्यु शय्या पर पड़ा हूँ और बीस–पच्चीस दिन अधिक से अधिक बचा रहूँगा। सुबह को एक दो एक – दो घंटे बिस्तर से उठ सकता हूँ और इधर – उ़धर अस्त–व्यस्त पड़ी कविताओं को एक कापी पर लिखने की कोशिश करता हूँ। बीस पच्चीस दिनों में जितना भी लिख पाऊंगा, आपके पास भेज दूंगा।

इस पत्र से उनके भीतर चल रहे ज्वार भाटे का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इस स्थिति में भी वे लगातार साहित्य सृजन में लगे रहे। 14 सितम्बर 1947 को 28 वर्ष 24 दिन की अल्पायु में ही हिन्दी साहित्य का यह सितारा अनंत यात्रा पर चला गया। कवि की मृत्यु के बाद उनके हैद्दयिक मित्र शम्भु प्रसाद बहुगुणा ने उनके गाँव (जहाँ कवि मृत्यु के समय थे) पहुँचकर उनके लिखी बचे – खुची पाण्डुलिपियों व पन्नों को अपने साथ लखनऊले गये। जहाँ 2अक्टूबर 1950 को उन्होने अलकनंदा मन्दाकिनी प्रकाशन

2–हुसेनगंज लखनऊ से चन्द्र कुँवर की पुस्तक ह्यविराट हृदयह्न नाम से प्रकाशित की। इसके बाद पयस्वनी(1951),गीतमाधवी (1951),जीतू(1952),प्रणयनी (1952),सहित 1953 तक कुल 18पुस्तकें श्री शम्भु प्रसाद बहुगुणा ने प्रकाशित करवाईं। इन पुस्तकों को पढ़ने के बाद साहित्य जगत को चन्द्रकुँवर के साहित्य की विशालता और गहराई तो पता चली परन्तु अभी तक उनकी रचनाओं, व्यक्तित्व और कृतित्व पर 30 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं पर उन्हें वह सम्मान मिलना अभी शेष है, जिसके वे हकदार थे। कवि के देहांत के 76वर्षों बाद भी हिन्दी साहित्य जगत उनके रचना संसार से अनभिज्ञ सा है। ऐसा नहीं है कि उनकी रचनाओं का प्रकाशन नहीं हुआ है। उनकी अब तक जितनी भी रचनाओं का प्रकाशन हुआ है, वे साहित्य प्रेमियों के लिए इतनी प्रिय और अनुकरणीय बनी कि वे जनसामान्य में प्रसारित होने के बजाय साहित्य प्रेमियों ने इन पुस्तकों को संग्रहणीय समझकर अपनी आलमारियों में कैद कर रख दिया, जिससे वे भले ही साहित्य प्रेमियों के हृदय में बिराजे पर जनसामान्य के बीच पाठित होने से बंचित रह गये। यह कवि चन्द्रकुँवर बर्त्वाल का सौभाग्य ही कहा जायेगा कि उन्हें श्री शम्भू प्रसाद बहुगुणा जैसा सहृदय मिला, जिन्होंने न केवल जीते जी अपनी मित्रता निभाई अपितु कवि के देहांत के बाद भी अपनी मित्रता निभाई अपितु कवि के देहांत के बाद भी अपनी मित्रता निभाते हुए न केवल कवि के रचित साहित्य से हिन्दी जगत को परिचित कराया।

कवि के पारिवारिक जन डॉ० योगम्बर सिंह बर्त्वाल, चन्द्रकुँवर बर्त्वाल शोध संस्थान के पूर्व अध्यक्ष कमलेश गुसाईं, वर्तमान अध्यक्ष हरीश गुसाईं, शिक्षक और साहित्यकार गिरीश बेंजवाल, शिक्षक साहित्यिकार सुधीर बर्त्वाल, दस्तक के संपादक और संस्कृति प्रकाशन के प्रकाशक दीपक बेंजवाल, दस्तक के ई सम्पादक कालिका प्रसाद काण्डपाल, प्रकृति संस्था के अध्यक्ष व शिक्षक गजेन्द्र रौतेला, चन्द्रदीप्ति पत्रिका के सम्पादक व शिक्षक विनोद प्रकाश भट्ट, कलश संस्था के संयोजक व शिक्षाविद ओमप्रकाश सेमवाल आदि प्रबुद्ध जनों द्वारा स्व० चन्द्रकुँवर बर्त्वाल की साहित्य साधना को जन सामान्य के सामने लाने के लिए अपने अपने तरीकों से सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। भले ही इन प्रयासों से कवि के साहित्य से जन जन को परिचित कराने का प्रयास हो रहा हो लेकिन कवि को साहित्य जगत में उनका वास्तविक स्थान दिलवाने के लिए मीडिया को भी एक बड़ी भूमिका निभाने की परम आवश्यकता है ताकि भावी पीढ़ी कवि चन्द्रकुँवर बर्त्वाल को जानने के साथ साथ अपने साहित्यिक इतिहास से भी परिचित हो सके।

## रूस ने आईसीसी के अभियोजकों और ब्रिटेन के मंत्रियों पर लगाया प्रतिबंध, 54 ब्रिटिश नागरिकों की एंट्री पर भी रोक

**मॉस्को ,एजेंसी।** रूस ने इंटरनेशन क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) के अभियोजकों और ब्रिटेन के मंत्रियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही ब्रिटेन के 54 नागरिकों पर के रूस में प्रवेश पर भी पाबंदी लगा दी है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने शुक्रवार को रूस के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि यह निर्णय लंदन के शत्रुतापूर्ण रूस विरोधी कार्यक्रम और रूसी नागरिकों और कारोबारियों के खिलाफ लगाए गए एकतरफा प्रतिबंधों के जवाब में लिया गया है।

मंत्रालय के अनुसार, ब्रिटिश संस्कृति, मीडिया और खेल राज्य सचिव लुसी फ्रेजर और ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री एनाबेल गोल्डी उन लोगों में शामिल हैं, जिन पर प्रतिबंध लगाया गया है। बयान में कहा गया है कि ब्रिटिश नागरिक और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अभियोजक करीम खान पर भी बैन लगाया गया है।

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी), गार्जियन मीडिया ग्रुप और डेली टेलीग्राफ के पत्रकारों को झूठी सूचना फैलाने, यूक्रेन में घटनाओं के कवरेज को दबाने का प्रयास करने के लिए प्रतिबंध सूची में शामिल किया गया है।

## अमरनाथ गुफा से लौट रहा श्रद्धालु पैर फिसलने से 300 फीट गहरी खाई में गिरा, मौत

**श्रीनगर ,एजेंसी ।** अमरनाथ यात्रा पर निकले एक तीर्थयात्री की उत्तरी कश्मीर के बालटाल मार्ग पर गुफा मंदिर की ओर फिसलने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि पवित्र गुफा से लौटते समय, बिहार के रोहतास जिले के तुम्बा गांव के विजय कुमार शाह (50) नामक एक तीर्थयात्री, एक महिला ममता कुमारी के साथ, काली माता मोड़ के पास लगभग 300 फीट नीचे फिसल गए और उनकी मौत हो गई और महिला घायल हो गई।

शव को बरामद कर लिया गया है और बालटाल बेस कैंप अस्पताल ले जाया जा रहा है। पुलिस ने कहा, घायल महिला का ब्रारीमर्ग बेस कैंप अस्पताल में इलाज चल रहा है।

62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई को शुरू हुई और 31 अगस्त को रक्षा बंधन त्योहार के साथ श्रावण पूर्णिमा पर समाप्त होगी। अब तक 4.50 लाख से अधिक तीर्थयात्री मौजूदा यात्रा कर चुके हैं।

## अग्निवीर वायु भर्ती की अंतिम तिथि 20 अगस्त तक बढ़ाई

**कोटा ,एजेंसी ।** भारतीय वायु सेना में अग्निपथ स्कीम के अंतर्गत अग्निवीर वायु भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीकरण की तिथि 20 अगस्त तक बढ़ाई गई है। कमान अधिकारी विंग कमांडर अभिषेक सिंह ने बताया कि इच्छुक अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार भर्ती से संबंधित सभी नियमों की भारतीय वायुसेना की अधिकारिक वेबसाईट से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जन्म तिथि 27 जून 2003 से 27 दिसम्बर 2006 तक के बीच जन्मे अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे।

## ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दूसरा समन भेजा, 24 को उपस्थित होने का निर्देश

**रांची ,एजेंसी ।** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दूसरा समन भेजा है। ईडी ने सोरेन को 24 अगस्त को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा है।

# कालसर्प से बचने को जपने होंगे सवा लाख मंत्र

**गगल, एजेंसी।** हिंदू धर्म में मान्यता है कि जिन लोगों की कुंडली में कालसर्प योग बनता है, उन्हें नागपंचमी के दिन नाग चढ़ाने पड़ते हैं। इसके साथ ही विशेष जाप भी करवाना पड़ता है। धर्मशाला, कांगड़ा, शाहपुर क्षेत्रों के भक्तों के इस बारे में किए गए आग्रह पर चैतड़ू के निकट सलांगड़ी गांव में इन दिनों कालसर्प योग को सुधारने की खातिर महानुष्ठान चल रहा है।

कालसर्प और बरसाती आपदा की शांति के लिए हो रहे इस अनुष्ठान में दूर-दूर से आए विद्वान ब्राह्मण स्वेच्छा से अपना योगदान दे रहे हैं। सलांगड़ी के वैष्णो देवी मंदिर में यह अनुष्ठान 21 अगस्त तक चलेगा। धर्मशाला,कांगड़ा और शाहपुर क्षेत्र के मध्यबिंदु पर इस तरह का धार्मिक अनुष्ठान पहली बार देखने को मिल रहा है। क्षेत्र में अंतिम दिन यज्ञ में पूर्णाहूति के बाद सैकड़ों भक्तजन नागों का जोड़ा चढ़ाएंगे। मौजूदा समय में



### चैतडू के सलांगड़ी में विश्व शांति को अनूठा अनुष्ठान

इस मंदिर में सुबह-शाम आरती हो रही है।

सुबह आठ बजे पूजा के बाद आरती होती है, तो शाम को भी पूजा संग आरती की जा रही है। इस धार्मिक कार्यक्रम की खूबी यह है कि इसमें सभी विद्वान और भक्तजन स्वेच्छा से अपना योगदान दे रहे हैं। ऐसे में यह एक धार्मिक महासमागम बन गया है। यहां सेवाएं दे रहे विद्वानों में पंडित अपराजित, पंकज पंडित, संतोष पंडित, विमुक्त शर्मा आदि प्रमुख हैं।

पंडित अपराजित, पंकज पंडित, संतोष पंडित, विमुक्त शर्मा ने बताया कि इस बार कांगड़ा जिला में बरसात ने भयंकर तबाही मचाई है। कई लोग खड्डों में बह गए हैं, तो कइयों के घर टूट गए हैं। कई लोग मलबे में दब गए, तो कई जगहों पर जमीन धंसी है। यही नहीं अब इंदौरा और फतेहपुर में पौंग बांध से छोड़े पानी ने कहर बरपा रखा है। यही कारण है कि इस यज्ञ में आपदा को शांत करने के लिए खास तरह का अनुष्ठान किया जा रहा है।

## डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका, जॉर्जिया चुनाव नतीजे पलटने के केस में करेंगे आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चुनाव नतीजे पलटने के केस में फुलटन काउंटी जेल में अगले सप्ताह आत्मसमर्पण कर सकते हैं।

वहीं डोनाल्ड ट्रंप और 18 अन्य आरोपियों पर साल 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान जॉर्जिया के चुनाव नतीजों को पलटने की कोशिश करने का आरोप है। इस मामले में सोमवार को आरोप तय किए गए और 25 अगस्त तक डोनाल्ड ट्रंप के साथ सभी आरोपियों को आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है।

दरअसल डोनाल्ड ट्रंप अगले साल होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से प्रमुख उम्मीदवार हैं। वहीं बुधवार को राष्ट्रपति चुनाव की पहली डिबेट होनी हैं। अब जॉर्जिया चुनाव नतीजों को पलटने के केस में आत्मसमर्पण करने के चलते हो सकता है कि डोनाल्ड ट्रंप इस पहली डिबेट में शामिल ना हो सकें।

# पिछले एक दशक में भारत के स्टार्ट अप इकोसिस्टम में आमूल-चूल परिवर्तन आया : अश्विनी वैभव

**बेंगलुरु, एजेंसी ।** माननीय केंद्रीय रेलवे एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु में आयोजित हुए जी-20 डिजिटल इनोवेशन एलायंस को संबोधित किया और साथ ही जी20-डीआईए ग्लोबल स्टार्ट-अप विजेताओं को सम्मानित किया। इसमें रूस, मिस्र, फ्रांस, जापान, इंडोनेशिया, ब्राजील और भारत जैसे कई देशों के स्टार्ट-अप को फिनटेक, एग्रीटेक, एड्यूटेक और सर्कुलर इकोनॉमी समेत अन्य विविध क्षेत्रों में विजेता घोषित किया गया।डीआईए कार्यक्रम में जी20 सदस्य देशों के 174 स्टार्ट-अप शामिल थे। आमंत्रित देशों ने छह प्रमुख क्षेत्रों - एड्यूटेक, हेल्थटेक, एग्रीटेक, फिनटेक, सिक्योर्ड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और सर्कुलर इकोनॉमी में डिजिटल समाधान के लिए प्रविष्टियां भेजी थीं। केंद्रीय रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत के स्टार्ट अप इकोसिस्टम में आमूल-चूल परिवर्तन आया है। एक दशक पहले देश में केवल 500 स्टार्ट-अप थे। आज 100,000 से अधिक स्टार्टअप और 108 यूनिकॉर्न के साथ देश अग्रणी है। हमारे देश की नवोन्मेषी और विकासात्मक विचारधारा ने भारत के डिजिटल परिदृश्य की गतिशीलता को नया स्वरूप प्रदान दिया है। वैभव ने आगे कहा कि बेंगलुरु, जो कभी वैश्विक समाधान प्रदाता था, अब भारत के लिए समाधानों का निर्माता है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमें अपनी क्षमताओं पर विश्वास हुआ है। वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी विश्व स्तरीय ट्रेनों से लेकर भारत द्वारा रक्षा, रेलवे, स्वास्थ्य, दूरसंचार, ऑटोमोबाइल और सौर क्षेत्रों में बनाए जा रहे अभूतपूर्व समाधानों तक, हमने भारत में डिज़ाइन किए गए समाधानों को विकसित किया है जिन्हें कभी असंभव माना जाता था। मैं उन सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने विचार साझा किए और प्रगति की इस यात्रा में आगे आये। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव, अल्केश कुमार शर्मा ने कहा कि एड्यूटेक, फिनटेक और एग्रीटेक में उल्लेखनीय स्टार्ट-अप की ओर हमने प्रगति का नया अध्याय शुरू किया है। हमने 18 देशों से जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी है। दूरदर्शी उद्यम पूंजीपतियों और उद्यमियों के साथ टेक इनोवेटर्स ने इस असाधारण नौ-वर्षीय डिजिटल यात्रा ने भारत को विकसित देशों की अपेक्षाओं में सबसे आगे खड़ा कर दिया है। वर्तमान में देश के स्टार्ट-अप क्षेत्र का कुल मूल्यांकन 450 बिलियन डॉलर है। फिक्की कर्नाटक स्टेट काउंसिल के अध्यक्ष और यूके एंड कंपनी के संस्थापक श्री उल्लास कामथ ने कहा, आज भारत दुनिया में सबसे गतिशील स्टार्ट-अप केंद्र के रूप में उभरा है।

## दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के घर पहुंचे महाराष्ट्र के सीएम और डिप्टी सीएम, उद्योग रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित

**मुंबई ,एजेंसी ।** भारत के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को शनिवार को 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ने दिया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में टाटा के अहम योगदान पर प्रकाश डाला गया।

रतन टाटा के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनके आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां उन्हें उद्योग रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।


यह असाधारण सम्मान महाराष्ट्र सरकार द्वारा शुरू किए गए सम्मानित पुरस्कारों की श्रृंखला में नया जोड़ा गया है।

उद्योग रत्न पुरस्कार की शुरुआत के साथ, राज्य सरकार उन असाधारण व्यक्तियों और समूहों की सराहना करना चाहती है, जिनके अमिट योगदान ने विभिन्न क्षेत्रों पर स्थायी प्रभाव छोड़ा है। ये क्षेत्र व्यवसाय, उद्योग, शिक्षा, रियल एस्टेट, पर्यटन, वित्तीय सेवाएं, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि, बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, भोजन, स्वास्थ्य सेवा और बहुत कुछ के दायरे में फैले हुए हैं।

# गुलाम नबी आजाद ने कहा- हिंदू धर्म सबसे पुराना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने पिछले दिनों डोडा में एक बयान दिया था। उसी बयान पर शनिवार को उन्होंने न्यूज एजेंसी से बातचीत में स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने दोहराया कि हिंदू धर्म सबसे पुराना है।

उन्होंने कहा, "हाल ही में मैंने एक तकरीर दी थी, जिस वजह से आवाम में कुछ असमंजस पैदा हुआ। ...दरअसल, मैं हिंदुस्तान में हिंदू-मुस्लिम इतिहास के बारे में बोल रहा था। यह भी बोल रहा था कि कुछ लोग आमतौर पर कहते हैं कि मुसलमान बाहर से आए हैं, मैं हमेशा उसके पीछे तर्क देता रहा हूं कि दो चीजें हैं।



### यहां इस्लाम कभी तलवार के जरिए नहीं आया

बहुत ही चंद मुसलमान बाहर से आए हैं। ज्यादा तादाद हिंदुस्तानी मुसलमानों की है। दुनिया और हमारे मुल्क में इस्लाम कभी भी तलवार के जरिए नहीं आया, बल्कि मोहब्बत, प्यार और पैगाम के जरिए आया। बदकिस्मती से इन चीजों को रिकॉर्ड नहीं किया गया।

उन्होंने कहा कि इस्लाम ने यहां इस मुल्क में जन्म नहीं लिया, बल्कि यहां फैला, जैसे बाकी मुल्कों में आहिस्ता-आहिस्ता फैला। इस्लाम दुनिया में हजरत-ए-आदम के जमाने से शुरू हुआ था और इंशा अल्लाह, कयामत तक इस्लाम जिंदा रहेगा। लेकिन मैं पूरे आलम की बात अपनी मीटिंग में नहीं कर रहा था, मैं हिंदुस्तान का जिक्र कर रहा था। उस सिलसिले में मैंने बताया था कि हिंदू धर्म सबसे पुराना धर्म है और यह हकीकत है।"

## अमित शाह रविवार को मध्य प्रदेश में बीजेपी सरकार का जारी करेंगे 'रिपोर्ट कार्ड'

**भोपाल ,एजेंसी ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को मध्य प्रदेश में भाजपा के 18 साल से ज्यादा के शासन का 'रिपोर्ट कार्ड' जारी करेंगे।

'रिपोर्ट कार्ड' पिछले दो दशकों में देखी गई प्रगति को उजागर करेगा, विपक्षी कांग्रेस ने सत्तारूढ़ पक्ष के खिलाफ आरोप पत्र जारी करके स्पष्ट रूप से एक मास्टर स्ट्रोक खेला है।

भाजपा का रिपोर्ट कार्ड 2003 में सरकार बनाने और आज तक (दिसंबर 2018 से मार्च 2020 को छोडक़र) सत्ता में रहने के बाद प्रगतिशील मध्य प्रदेश की कहानी बताएगा, जिसमें से 16 सालों से अधिक समय तक सरकार का नेतृत्व वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कर रहे हैं।

शाह की 20 अगस्त की भोपाल और ग्वालियर यात्रा के बारे में विस्तार से बताते हुए, राज्य भाजपा प्रमुख वी.डी. शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री शाह भोपाल में राज्य में भाजपा शासन के 18 वर्षों से अधिक के गरीब कल्याण (गरीब वर्ग कल्याण) केंद्रित रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। इसके बाद वह अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में पार्टी की विस्तारित राज्य कार्यकारिणी/कार्य समिति की बैठक में भाग लेने के लिए ग्वालियर जाएंगे।

# अमेरिका, दक्षिण कोरिया, जापान साझा खतरे की स्थिति में एक दूसरे से करेंगे बात

**वाशिंगटन , एजेंसी।** उत्तर कोरिया और चीन से पैदा हुयी सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियों का सामना करने के लिए अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने अपनी साझेदारी को नए स्तर पर ले जाने का फैसला किया है। आम खतरे की स्थिति में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा एक दूसरे से बात करने पर सहमत हुए।

अमेरिका के मैरीलैंड में कैंप डेविड प्रेसिडेंशियल रिट्रीट में आयोजित एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के दौरान तीनों नेता इस समझौते पर पहुंचे। इसे जापान, कोरिया गणराज्य और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच परामर्श करने की प्रतिबद्धता कहा गया। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि यह तीन देशों के बीच पहली ऐसी साझेदारी है।

बयान में कहा गया, हम, जापान, कोरिया गणराज्य और संयुक्त राज्य अमेरिका के नेता, हमारी सरकारों को हमारे सामूहिक हितों को प्रभावित करने वाली क्षेत्रीय चुनौतियों, उकसावों और खतरों के प्रति हमारी प्रतिक्रियाओं को समन्वित करने के लिए एक-दूसरे के साथ त्रिपक्षीय परामर्श करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन परामर्शों के माध्यम से, हम जानकारी साझा करेंगे और जवाबी प्रतिक्रिया का समन्वय करेंगे।दस्तावेज़ में हालांकि खतरे या चुनौती के प्रकार के बारे में नहीं बताया गया है। लेकिन दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति के एक अधिकारी ने व्यापार विवाद, उत्तर कोरियाई मिसाइल खतरा, समुद्र में गंभीर उकसावे, या अंदर या बाहर किसी भी खतरे जैसे उदाहरणों का हवाला दिया।

अधिकारी ने कहा, इसके अलावा, तीनों में से कोई देश किसी विशेष खतरे को खतरा न मानकर सूचना साझा नहीं करता है, तो यह उसकी अपनी जिम्मेदारी होगी।दस्तावेज़ में कहा गया है, हमारे देश हमारे सुरक्षा हितों या संप्रभुता को बनाए रखने के लिए सभी उचित कार्रवाई करने की स्वतंत्रता रखते हैं।द स्पिरिट ऑफ कैंप डेविड नामक एक संयुक्त बयान में शामिल व्यापक समझौते में तीन देशों के नेताओं, विदेश मंत्रियों, रक्षा मंत्रियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच वार्षिक त्रिपक्षीय बैठकें आयोजित करने का फैसला किया गया।तीनों देशों ने वार्षिक आधार पर त्रिपक्षीय रक्षा अभ्यास आयोजित करने और उत्तर कोरिया पर मिसाइल चेतावनी डेटा की जानकारी साझा करने की योजना की घोषणा की। वे उत्तर कोरियाई साइबर खतरों से निपटने और इसके साइबर-सक्षम प्रतिबंधों से बचने के लिए एक नया त्रिपक्षीय कार्य समूह स्थापित करने पर भी सहमत हुए।

इसके अलावा, तीनों देश उत्तर कोरिया में मानवाधिकार की स्थिति में सुधार करने और अपहरण, बंदियों और अप्रत्यावर्तित युद्धबंदियों के मुद्दों को हल करने के लिए सहयोग को मजबूत करने पर सहमत हुए।

## बैंक धोखाधड़ी मामले में ईडी ने 27 के खिलाफ किया दायर आरोप पत्र

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि एक बैंक धोखाधड़ी मामले में गणिन्दु मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (जीएमएमपीएल) और सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ कंपनीज की अन्य संबंधित संस्थाओं सहित 27 आरोपियों के खिलाफ गोवा के मापुसा में एक विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया है। ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि अदालत ने भी मामले का संज्ञान लिया है।

ईडी ने जीएमएमपीएल और अन्य से जुड़े बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा शुरू की गई जांच के आधार पर पीएमएलए के तहत एक जांच शुरू की।

ईडी की जांच से पता चला कि जीएमएमपीएल ने टेट्रा पैक मिल्क प्रोडक्शन यूनिट, विशेष रूप से अल्ट्रा-हीट ट्रीटमेंट प्लांट (यूएचटी) स्थापित करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक से 15 मार्च, 2011 को 34.20 करोड़ रुपये का टर्म लोन प्राप्त किया।

जीएमएमपीएल ने बेईमान इरादों के साथ, यूएचटी मशीनरी की खरीद की आड़ में अवैध रूप से 20 करोड़ रुपये के टर्म लोन को अन्य संबंधित कंपनियों के बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया। इसी तरह, जीएमएमपीएल ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ निबे लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) खोला था और मक्खन की आपूर्ति के लिए कुल 19,01,98,670 रुपये की छूट दी गई थी।

## केरल : पिता की हत्या कर फरार हुआ आरोपी बेंगलुरु से गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम एजेंसी ।** बेंगलुरु के अलाप्पुझा में अपने पिता की हत्या करने के बाद फरार हुए 25 वर्षीय युवक को केरल पुलिस ने बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया।

घटना अलाप्पुझा में तब सामने आई जब कॉयर फैक्ट्री में काम करने वाले 55 वर्षीय सुरेश कुमार सुबह नींद से नहीं उठे। कुमार की पत्नी के अनुसार, वह अपने घर पर मृत पाए गए थे और पिछली रात, निखिल की 28 अगस्त को हुई शादी के लिए लिए गए कर्ज को लेकर कुमार और उनके बेटे निखिल (आरोपी) के बीच झगड़ा हुआ था। निखिल कथित तौर पर सुबह से लापता था, लेकिन अलाप्पुझा पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया और उसे हिरासत में ले लिया।

### लद्दाख में राइडर लुक में नजर आए राहुल गांधी

**लद्दाख ,एजेंसी ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी लद्दाख में राइडर लुक में नजर आए। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर छा गई हैं। राहुल गांधी पैंगोंग लेक तक बाइक चलाकर पहुंचे हैं। वह एक टूरिस्ट कैंप में रात गुजारेंगे। राहुल गांधी अपने पिता राजीव गांधी का जन्मदिन 20 अगस्त को पैंगोंग झील में करेंगे।

## पत्रकार विमल यादव हत्याकांड मामले में पुलिस का बड़ा एक्शन, चार आरोपी गिरफ्तार

**अररिया ,एजेंसी ।** बिहार के अररिया में पत्रकार विमल यादव हत्याकांड मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार 4 आरोपियों की पहचान विपिन यादव, भावेश यादव, आशीष यादव और उमेश यादव के रूप में हुई है। इस हत्याकांड को लेकर मृतक के पिता की शिकायत पर 8 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई जिसमें चार आरोपी अपराधी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। जिन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, उसमें दो आरोपी पत्रकार विमल की हत्या करने में शामिल थे। बिहार पुलिस के मुताबिक, 2 आरोपी रूपेश यादव और क्रांति यादव अररिया जेल में हैं ।

# सुकेश का आरोप, मेंडिकल फर्म ने गोवा चुनाव के लिए आप को 13 करोड़ रुपये कराए मुहैया

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के उपराज्यपाल को एक नया पत्र लिखा है, इसमें उसने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन पर एक प्राइवेट फर्म 'मेट्रोपोलिस लेबोरेटरी एंड पैथोलॉजी सेंटर्स' को मेडिकल कॉन्ट्रैक्ट देने के लिए नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। उसने आरोप लगाया कि गोवा चुनाव के लिए प्राइवेट कंपनी ने आम आदमी पार्टी (आप) को 13 करोड़ रुपये दिये थे।

पत्र में लिखा, केजरीवाल सरकार ने मुख्य रूप से दिल्ली जेल के सभी कैदियों के लिए दिल्ली सरकार के तहत विभिन्न अस्पतालों के ब्लड और अन्य बायोसैंपल्स को संसाधित करने के लिए एक प्राइवेट फर्म 'मेट्रोपोलिस लेबोरेटरी एंड पैथोलॉजी सेंटर्स' को कई मेडिकल कॉन्ट्रैक्ट्स दिए हैं। इस आवेदन/शिकायत को दर्ज करने का कारण यह है कि पिछले गोवा चुनाव के दौरान, मेरे कर्मचारियों द्वारा मुझे दिए गए सत्येन्द्र जैन के निर्देश पर मुंबई में मेट्रोपोलिस लैब्स के कार्यालय से 3 किश्तों में 13 करोड़ रुपये का भुगतान एकत्र किया गया था।

चंद्रशेखर ने आगे आरोप लगाया है कि फेसटाइम चैट में से एक में, जैन और केजरीवाल ने उल्लेख किया था कि मेट्रोपोलिस के निदेशक करीबी दोस्त हैं और वह फंडिंग कर रहा हैं, क्योंकि उन्होंने कंपनी की मदद की है, और राशि मुंबई से एकत्र की जानी चाहिए और गोवा और बेंगलुरु भेजी जानी चाहिए।

चंद्रशेखर ने अपने पत्र में आरोप लगाया, इसके बाद, मेरे स्टाफ ने मुंबई में मेट्रोपोलिस के कार्यालय से 7-8 घंटों में दो किश्तों में 13 करोड़ की राशि एकत्र की, और जैन द्वारा लगातार समन्वय किया गया। 13 करोड़ में से 5 करोड़ जैन के चचेरे भाई डॉक्टर हिमेश को बेंगलुरु भेजे गए, जो बेंगलुरु के इंद्रानगर में रहते हैं। बाकि 8 करोड़ रुपये गोवा भेजे गए, जिसे अज्ञात व्यक्तियों ने एकत्र किया, जिसका विवरण जैन ने भेजा था।

चन्द्रशेखर ने दावा किया कि उक्त धनराशि की डिलीवरी के बाद, केजरीवाल ने व्यक्तिगत रूप से फोन किया और फेसटाइम कॉल पर उन्हें धन्यवाद दिया और एलजी से केजरीवाल सरकार द्वारा मेट्रोपोलिस लैब्स को दिए गए कॉन्ट्रैक्ट्स की विस्तार से जांच कराने का अनुरोध किया।

ईडी और सीबीआई से मामले को देखने का आग्रह करते हुए, ठग ने मेट्रोपोलिस लैब्स, मुंबई कार्यालय से प्राप्त और एकत्र किए गए 13 करोड़ के उपरोक्त लेनदेन के फेसटाइम और व्हाट्सएप चैट प्रस्तुत करने की इच्छा व्यक्त की।

उत्तर रेलवे
ई-नीलामी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद मंडल के विभिन्न लेवल क्रॉसिंग गेट एवं ओवर हेड वाटर टैंक पर होर्डिंग/पेंटिंग के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन के ठेकों को आवंटित करने हेतु ई-बोलियां www.ireps.gov.in पर दिनांक 04.09.2023 को आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत जानकारी नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
2581/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
ई-नीलामी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के द्वारा पे एंड यूज के कार्य को आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से ठेके पर देने हेतु ई-बोलियां www.ireps.gov.in पर दिनांक 04.09.23 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
2580/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारत की निगाहें श्रृंखला जीतने पर, क्रीज पर अधिक समय बिताना चाहेंगे बल्लेबाज

डबलिन, कप्तान जसप्रीत बुमराह की शानदार वापसी से उत्साहित भारतीय टीम रविवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी।




भारत इसके साथ ही बेहतर मौसम की भी उम्मीद करेगा जिससे उसके युवा बल्लेबाजों अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा।

बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण ने श्रृंखला के पहले मैच में आयरलैंड को सात विकेट पर 139 रन ही बनाने दिए। लेकिन भारतीय पारी में बारिश के कारण उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों को खेलने का मौका नहीं मिला।

भारतीय टीम ने जब 6.5 ओवर में दो विकेट पर 47 रन बनाए थे कभी बारिश आ गई जिसके कारण आगे का खेल नहीं हो पाया। भारत ने यह मैच डकवर्थ लुईस पद्धति से दो रन से जीता।भविष्य के भारतीय बल्लेबाजों की सूची में शामिल शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड और रिंकू सिंह जैसे बल्लेबाज उम्मीद कर रहे होंगे कि उन्हें क्रीज पर पर्याप्त समय बिताने का मौका मिलेगा।

पहले मैच में अच्छी शुरुआत के बाद आउट होने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बड़ी पारी खेलने का प्रयास करेंगे जबकि पहली गेंद पर आउट होने वाले तिलक वर्मा भी वेस्टइंडीज दौरे की अपनी फॉर्म बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।भारत के शीर्ष क्रम में अधिकतर वही खिलाड़ी हैं जिन्होंने हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में खेल रही भारतीय टीम की बल्लेबाजी में विकेटकीपर संजू सैमसन ही कुछ अनुभवी हैं।चोटों के कारण परेशान रहे ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का अनुभव रखते हैं और बुमराह बल्लेबाजी में उनकी सेवाएं भी ले सकते हैं।

बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने चोटों से उबरने के बाद शानदार वापसी की। इन दोनों तेज गेंदबाजों ने पहले मैच में दो–दो विकेट लिए। कृष्णा का यह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहला मैच भी था।

यहां जिस तरह की परिस्थितियां हैं उसमें टॉस की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत इस मामले में पहले मैच में भाग्यशाली रहा। मैच में दो विकेट लेने वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने बाद में स्वीकार किया कि भारत को टॉस जीतने का फायदा मिला।

जहां तक आयरलैंड का सवाल है तो उसकी टीम बुमराह से पहले ओवर में मिले दो झटकों से वापसी करने में सफल रही थी। उसकी टीम को अगर सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद मजबूत भारतीय टीम को चुनौती देनी है तो उसे खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

आयरलैंड को यदि भारत के सामने चुनौती पेश करनी है तो उसके अनुभवी खिलाड़ियों पॉल स्टर्लिंग, एंड्रयू बालबर्नी, जोशुआ लिटिल, क्रेग यंग और जॉर्ज डॉकरेल को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### अंडर–23 डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में ईश राव ने खेली शानदार पारी, बनाए 80 स्कोर

जालंधर , एक और शानदार पारी में जालंधर शहर के 19 वर्षीय क्रिकेटर ईश राव ने अंडर–23 जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में 80 स्कोर बनाए है। वह नवांशहर टीम से खेल रहे थे जिसने शनिवार को सेमीफाइनल में बठिंडा जिले की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई है।उनकी 80 रन की शानदार बल्लेबाजी ने एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत लिया, जिसमें उन्होंने अपने साथी मानव के साथ 100 रन की साझेदारी की। इसी तरह, उन्होंने दो कैच और एक स्टाम्प लेकर विकेटकीपिंग में भी अपनी प्रतिभा साबित की; जिससे पूरे 50 ओवर के मैच के दौरान उनकी टीम मजबूत स्थिति में बनी रही।यह मैच नवांशहर जिला क्रिकेट मैदान पर खेला गया, जहां बठिंडा जिले की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और 207 रन बनाए। बठिंडा टीम के शीर्ष स्कोरर रमन थे जिन्होंने 50 रन बनाए, जबकि नवांशहर टीम के उज्जवल और मानव ने क्रमशः तीन और दो विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवाशहर की टीम ने 41 के मामूली स्कोर पर तीन विकेट खो दिए, जबकि ईश और मानव की साझेदारी ने मैच को संभाला और ईश ने 80 स्कोर बनाए और नॉट आउट रहे।

# 5 से 7 साल और क्रिकेट खेल सकते हैं विराट : राजकुमार शर्मा

नई दिल्ली , विराट कोहली के 18 अगस्त 2023 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15 साल पूरे होने पर बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने उनके करियर से जुड़ी कुछ खास यादें साझा की।




कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने कहा कि विराट की फिटनेस स्तर और बेहतरीन फॉर्म को देखते हुए उन्हें पूरा भरोसा है कि वो अभी कम से कम पांच से सात साल तक खेलेंगे।

राजकुमार ने एक यूट्यूब चैनल पर कहा, विराट गॉड गिफ्टेड हैं। जब वह मेरी अकादमी में आया, वह हमेशा सबसे खास क्रिकेटर रहा। जिसने भी उसे देखा, उन्हें पता था कि वह बहुत दूर तक जाएगा। यह उनकी प्रतिभा और कड़ी मेहनत ही है, जिसने उन्हें आज इस मुकाम तक पहुंचाया है।

उनकी कार्य नीति कुछ ऐसी है जिसे हर युवा को सीखना चाहिए। भगवान ने उन्हें अच्छी तकनीक दी है। इस दिन मैं केवल यही कामना कर सकता हूं कि वह अगले पांच से सात वर्षों तक बने रहें और भारतीय टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करें।

विराट के नंबर 3 के बजाय नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने की बहस के बारे में जब राजकुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि विराट नंबर–3 पर सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं।

जब वह कप्तान थे, तो उन्होंने टीम के लिए कई बार अपने बैटिंग ऑर्डर का बलिदान दिया। उन्होंने पारी की शुरुआत की और नंबर 4 पर बल्लेबाजी भी की। लेकिन जब वह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ नंबर 3 बल्लेबाज हैं, तो उसे उसी स्थान पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। आप उनका बल्लेबाजी क्रम क्यों बदलेंगे ?इसके बाद उन्होंने बताया कि विराट के नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने से टीम को काफी फायदा हुआ है।

जिस तरह से वह अपनी पारी की योजना बनाते हैं और टीम के अन्य बल्लेबाजों को अपने साथ लेकर चलते हैं, वह उन्हें बहुत खास बनाता है। जब उन्होंने वनडे में नंबर–3 स्थान पर ढेर सारे रन बनाए हैं, तो उन्हें अपना बल्लेबाजी क्रम क्यों बदलना चाहिए? मुझे नहीं लगता कि इसके आसपास कोई चर्चा नहीं होनी चाहिए।

# टिम पेन ने वनडे से संन्यास वापस लेने के लिए स्टोक्स की आलोचना की

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने विश्व कप में खेलने के लिए वनडे से संन्यास वापस लेने पर इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स की आलोचना की और कहा कि वह इस तरह से प्रतियोगिताओं का चयन नहीं कर सकता।



बत्तीस वर्षीय स्टोक्स ने पिछले साल जुलाई में वनडे से संन्यास ले लिया था लेकिन उन्होंने हाल में इसे वापस ले लिया और उन्हें इंग्लैंड की वनडे टीम में भी चुन लिया गया। इंग्लैंड जहां 5 अक्टूबर से भारत में होने वाले विश्व कप से पहले इस ऑलराउंडर की वापसी से उत्साहित है वहीं पेन ने उन्हें स्वार्थी करार दिया।

पेन ने सेन रेडियो पर कहा,बेन स्टोक्स ने वनडे से संन्यास वापस ले लिया है। मुझे यह काफी दिलचस्प लगा। यह कुछ हद तक मैं, मैं और केवल मैं जैसा है। क्या ऐसा नहीं है। यह इस तरह से है कि मैं यह चयन करूंगा कि मैं कहां खेलना चाहता हूं और कब खेलना चाहता हूं और मैं केवल बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलना चाहता हूं।न्होंने कहा, इंग्लैंड के जो क्रिकेटर पिछले 12 महीने से विश्वकप की तैयारियां कर रहे हैं उनमें से किसी को स्टोक्स की वापसी के कारण बाहर बैठना पड़ेगा। मुझे उन खिलाड़ियों के प्रति खेद है।

पेन ने हालांकि कहा कि गत चैंपियन इंग्लैंड वनडे विश्व कप में मेजबान भारत के साथ खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा।

### राष्ट्रीय शिविर के लिए महिला सब जूनियर कोर ग्रुप का चयन

नयी दिल्ली, हॉकी इंडिया ने राउरकेला में 21 अगस्त से शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए शुक्रवार को 40 सदस्यीय महिला सब जूनियर कोर ग्रुप गठित किया। यह शिविर पूर्व भारतीय कप्तान रानी रामपाल की देखरेख में आयोजित किया जाएगा। हॉकी इंडिया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में लगाए जाने वाले इस शिविर के बाद भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलने के लिए यूरोप का दौरा करेगी। शिविर के लिए तैयार किए गए इस कोर ग्रुप में गोलकीपरों में तारा शैलजा, होदाम पबित्रा देवी, तनुजा जबकि रक्षकों में मुस्कान, रजनी केरकेट्टा, पार्वती टोपनो, सुष्मिता डुंगडुंग, अमीषा एक्का, हरजीत कौर, कोमल पाल, भाव्या, तमन्ना, प्रियंका शामिल हैं।

# सब जूनियर पुरुष हॉकी शिविर के लिए 40 सदस्यीय कोर ग्रुप घोषित

नयी दिल्ली, देश के युवा खिलाड़ियों को निखारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने सब जूनियर पुरुष हॉकी शिविर के लिए शनिवार को 40 सदस्यीय कोर ग्रुप की घोषणा की।



यह शिविर 21 अगस्त से राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में पूर्व भारतीय कप्तान सरदार सिंह की देखरेख में आयोजित किया जाएगा।

हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार खिलाड़ियों का चयन हाल में समाप्त हुई सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

इस शिविर के बाद भारतीय जूनियर टीम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए यूरोप का दौरा करेगी।

शिविर के लिए जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है उनमें गोलकीपर राहुल भारद्वाज, आतिफ खान और अभिमन्यु गौड़ा तथा रक्षा पंक्ति में सुखमनप्रीत सिंह, मिथलेश सिंह, नितिन, सोहिल अली, समी रिजवान, प्रदीप मंडल, रोहित कुल्लू, विशाल पांडे, आशु मौर्य और उज्जवल पाल शामिल हैं।

मध्यपंक्ति में नीरज, रोहित टिर्की, घूरन लोहरा, रोहित प्रधान, सुरेश शर्मा, प्रभजोत सिंह, मनमीत सिंह राय, अरुण जे, राहुल राजभर, राहुल यादव, अफरीदी और बिजय साव शामिल हैं।

अग्रिम पंक्ति के लिए गुरप्रीत सिंह, सृजन यादव, हैप्पी, सुनील, रितेंद्र प्रताप सिंह, आशिर आदिल खान, देवनाथ नानवार, दीपक प्रधान, योजिन मिंज, हर्षदीप सिंह, केतन कुशवाह, रोहित इरेंगबाम सिंह, अजीत यादव, सुंदरजीत एम, और मोहम्मद जैद का कोर ग्रुप में चयन किया गया है।

## फिल्मी दुनियां

# पायलट बने ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण, फाइटर का मोशन पोस्टर हुआ रिलीज

दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन साथ में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. दोनों को साथ में देखने के लिए फैंस कबसे इंतजार कर रहे थे. अब ये इंतजार खत्म होने जा रहा है. दीपिका और ऋतिक साथ में फिल्म फाइटर में नजर आने वाले हैं. आज इस फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है. जिसमें ऋतिक, दीपिका और अनिल तीनों इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर के लुक में नजर आ रहे हैं. दीपिका ने सोशल मीडिया पर मोशन पोस्टर शेयर किया है. सस्पेंस और उत्साह के बढने के साथ, भारतीय सिनेमाघर अपने आप को फाइटर के रिलीज के लिए तैयार कर रहे हैं, बता दें कि यह एरियल एक्शन के क्षेत्र में देश का पहला प्रयास है. ऐसे में स्वतंत्रता दिवस के साथ, फाइटर के पहले मोशन पोस्टर से पर्दा उठाते हुए अपने पंख फैला दिए हैं, जिसका टाइटल स्पिरिट ऑफ फाइटर है.



सावधानी से तैयार किया गया यह टीजर देशभक्ति के उत्साह से गूंजता है, जो राष्ट्र के स्मरणोत्सव की भावनाओं के साथ सहजता से मेल खाता है. पहले ही शानदार टाइटल वाले पोस्टर से दर्शकों की कल्पना को नई उड़ान देने के बाद, निर्माताओं ने अब पहले मोशन पोस्टर का खुलासा किया है, जिसमें लीड स्टार कास्ट को देखा जा सकता है, खास बात यह है कि महत्वपूर्ण अवसर 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के साथ मेल खाता है. यह पोस्टर एक सारांश में एक्शन, थ्रिल और एडवेंचर की झलक दिखाता है, साथ ही यह पूरी तरह से देशभक्ति और भावनाओं को प्रोत्साहित करता है. इसकी खास बात यह भी है कि मोशन पोस्टर में वन्दे मातरम् का एक नया रूप है, जो हर भारतीय के दिल को छू लेगा. निर्माताओं ने फाइटर को बड़े–स्क्रीन के सिनेमाई अनुभव के लिए डिज़ाइन किया है.

इसे कई असल जगहों पर शूट किया गया है और ग्लोबल स्क्रीन के लिए पहले कभी न देखे गए सीन्स को हासिल करने के लिए लेटेस्ट सिनेमाई तकनीक का इस्तेमाल किया गया है. वहीं, फिल्म में सुपरस्टार ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर पहली बार स्क्रीन स्पेस शेयर कर रहे हैं और वॉर और पठान की जबरदस्त सफलता के बाद सिद्धार्थ आनंद की उम्मीदें बढ़ गई हैं. यह फिल्म असल में सबसे अच्छी प्रतिभा, टेक्नोलॉजी और कहानी कहने की कला को एक साथ आने को परिभाषित करती है.

### रजनीकांत की जेलर बनी 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने–माने अभिनेता रजनीकांत की एक्शन ड्रामा फिल्म जेलर बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही है।10 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की थी। हालांकि, दूसरे दिन से फिल्म की कमाई में गिरावट जारी है।बावजूद इसके जेलर केवल 6 दिनों में साल 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म बन गई है।इसने मणिरत्नम की पोन्नियिन सेल्वन 2 को पछाड़ दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जेलर ने अपनी रिलीज के छठे दिन 33 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 207.15 करोड़ रुपये हो गया है।जेलर ने दुनियाभर में 400 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है, वहीं पोन्नियिन सेल्वन 2 ने दुनियाभर में 344.50 करोड़ रुपये कमाए थे।बता दें, जेलर टिकट खिडक़ी पर डटकर ओह माय गॉड 2 और गदर 2 से सामना कर रही है।

# देवरा से सैफ अली खान का फर्स्ट लुक जारी, 5 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी फिल्म

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान के बर्थडे पर उनकी अपमिंग फिल्म देवरा से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। ये साउथ फिल्म है जिसमें जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर लीड रोल में नजर आने वाले हैं। खुद जूनियर एनटीआर ने सैफ अली खान का मूवी से फर्स्ट लुक पोस्टर लॉन्च किया है। जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया पर रिएक्शंस भी आने लगे हैं।सैफ अली खान के बर्थडे पर साउथ स्टार जूनियर एनटीआर ने उन्हें विश किया। साथ ही देवरा से उनका फर्स्ट लुक भी रिलीज किया। फिल्म में एक्टर भाइरा के रोल में दिखेंगे। एनटीआर ने लिखा, हैप्पी बर्थडे सैफ सर। इस पोस्टर में सैफ लंबे बाल में नजर आ रहे हैं। एनटीआर का लुक तो पहले ही मेकर्स रिलीज कर चुके थे।इसी के साथ



ट्विटर पर सैफ अली खान ट्विटर पर ट्रेंड करने लगे। फैंस उन्हें विश कर रहे हैं और देवरा के पोस्टर की भी तारीफ कर रहे हैं। लगातार आखिरी बार सैफ अली खान प्रभास की आदिपुरुष में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने लंकेश का रोल प्ले किया था। हालांकि फिल्म को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। बता दें देवरा अगले साल 5 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी। बात करें देवरा की तो ये फिल्म कई मायनों में खास है। पहला मौका होगा जब एनटीआर और सैफ साथ में काम कर रहे हैं तो ये जान्हवी कपूर भी एक्टर के अपोजिट नजर आएंगी।

# फरहान खान की डॉन 3 में नजर आ सकती हैं कियारा आडवाणी, निर्माताओं ने किया संपर्क



जब से फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी डॉन के तीसरे भाग डॉन 3 का ऐलान हुआ है, यह चर्चा में है। इसमें रणवीर सिंह अहम भूमिका में नजर आएंगे।ताजा जानकारी के मुताबिक, डॉन 3 में रणवीर के साथ कियारा आडवाणी की जोड़ी बनेगी। रिपोर्ट के अनुसार, निर्माताओं ने मुख्य महिला की भूमिका निभाने के लिए कियारा से संपर्क साधना शुरू कर दिया है।फिल्म की शूटिंग 2024 के मध्य में शुरू होगी। हालांकि, खबर की पुष्टि होना बाकी है।सूत्र ने कहा, कियारा को डॉन 3 में मुख्य महिला की भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया है। अभिनेत्री को कल एक्सेल एंटरटेनमेंट के कार्यालय में देखा गया था। कियारा को फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और उन्होंने हामी भी भर दी है।उन्होंने कहा, वह रणवीर के साथ डॉन की इस रोमांचक दुनिया का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं, जिनके साथ उन्होंने हमेशा काम करने का सपना देखा है। फिल्म में कियारा नकारात्मक किरदार निभाएंगी। कियारा को पिछली बार फिल्म सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था। इसमें उनकी जोड़ी कार्तिक आर्यन के साथ बनी थी और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस 100 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।

# राजवीर देओल की दोनों का गाना जारी, पालोमा ढिल्लों संग दिखा रोमांटिक अंदाज

जहां सनी देओल इन दिनों गदर 2 को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं, वहीं उनके बेटे राजवीर देओल भी अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है।पिछले कुछ दिनों से वह अपनी पहली फिल्म दोनों को लेकर चर्चा में हैं।इसमें उनकी जोड़ी पूनम ढिल्लों की बेटी पालोमा के साथ बनी है।अब निर्माताओं ने दोनों का मुख्य गाना जारी कर दिया है, जिसमें राजवीर और पालोमा एक–दूसरे के प्यार में डूबे नजर आ रहे हैं।जियो स्टूडियो ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर दोनों का मुख्य गाना साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, राजश्री का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ प्रेम गीत यहां है।इस गाने को अरमान मलिक ने गाया है।दोनों जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिलहाल फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।यह फिल्म इसलिए



भी ज्यादा खास है क्योंकि दोनों के जरिए जाने–माने निर्देशक सूरज बडज़ात्या के बेटे अवनीश एस बडज़ात्या निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं।गौरतलब है कि इन दोनों के माता–पिता भी पहले फिल्म में नायक–नायिका के तौर पर नजर आ चुके हैं। सनी देओल और पूनम ढिल्लों ने साल 1984 में आई लव स्टोरी फिल्म सोहनी महिवाल में लीड रोल प्ले किया था। अब दोनों के बच्चे एक साथ फिल्म करने जा रहे हैं। मेकर्स ने सोमवार को राजवीर देओल और पलोमा ठकेरिया की डेब्यू फिल्म दोनों का पोस्टर रिलीज कर दिया है। इस पोस्टर में राजवीर देओल और पलोमा ठकेरिया बीच पर बैठे और उनकी पीठ कैमरे की तरफ है। फिल्म दोनों के पोस्टर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये रोमांटिक फिल्म होगी। राजवीर देओल और पलोमा ठकेरिया की डेब्यू फिल्म दोनों के डायरेक्शन की जिम्मेदारी सूरज बडज़ात्या के बेटे अवनीश एस बडज़ात्या के कंधे पर है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com